CMYK

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 1 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 169 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

सभी देशवासियों को
शाह टाइम्स की रजत जंयती की
हार्दिक शुभकामनाएं




AMBA
SHAKTI GROUP
AMBA STEELS 7 TH KM. MEERUT ROAD, MUZAFFARNAGAR (U.P.)

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
www.srgcmzn.com | src_mzn@rediffmail.com
NAAC A++ UGC

**Shri Ram Group of Colleges (IC)**
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm

**Shri Ram College of Pharmacy**
BPharm | DPharm

**Shri Ram College of Law**
BALLB | BComLLB | LLB

**Shri Ram Polytechnic**
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srgcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
**Shri Ram College**
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development

Admission open

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal

Scholarship more than ₹10 Crores Available

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

S.D. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
THE S.D. DEGREE COLLEGE



ADMISSIONS OPEN

DIPLOMA CSE | CE | ME | EE
(फीस मात्र 15,000/- से शुरू)

B.TECH AI | CSE | IT | ME | ECE | CE | EE
(फीस मात्र 25,000/- से शुरू)

B.Sc | B. A. | B.Com | BCA*
(फीस मात्र 10,000/- से शुरू)

- IIT Roorkee Virtual Lab Nodal Center.
- India Book Of Records Holder for Highest Rocket Launch.
- 1st college to offer B.Tech in Artificial Intelligence

SDCET ENGINEERING

9258256931-39

www.sdcetmzn.org | Jansath Road, Muzaffarnagar (U.P)

## संक्षिप्त समाचार

### ताजमहल के निकट हवाई फायरिंग का मुख्य आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा स्थित ताज. महल की पार्किंग के निकट सोमवार की सुबह हवाई फायरिंग करने वाले युवकों में से एक मुख्य आरोपी को पुलिस ने सात घंटे के भीतर लखनऊ से दबोच लिया। पकड़ा गया युवक पंकज सिह आजमगढ़ जिले का निवासी है और मथुरा तथा आगरा की यात्रा पर अपने परिवार संग आया था। हवाई फायरिंग के बाद वह टैक्सी बदलकर लखनऊ पहुंच गया। पुलिस तुरंत ही उसकी खोजबीन में जुट गई थी। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग की मदद ली गई। शाम होते-होते आगरा पुलिस ने कन्नौज, उन्नाव और लखनऊ पुलिस के साथ समन्वय करते हुए लखनऊ के मानकनगर से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसके परिजनों ने बताया कि पंकज बीते 20 वर्षों से मानसिक रोग से पीड़ित है और उसका लखनऊ में इलाज चल रहा है।

### तेलंगाना बीजेपी विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि बहुत सारे लोग चुप हैं, इसे उनकी सहमति न समझा जाए। यह लाखों कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा है। टी राजा ने केंद्री नेतृत्व से अपील की कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें।

# कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन पर हाईकमान करेगा फैसला: खड़गे

**बेंगलुरु, वार्ता**



■ पार्टी सदस्य अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा न करें, अन्यथा होगी कार्रवाई

कर्नाटक में राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर कहा कि यह पूरी तरह से पार्टी हाईकमान पर निर्भर करता है और वही इसका फैसला करेगा।

खड़गे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या आने वाले महीनों में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की जगह ले सकते हैं। यह हाईकमान पर छोड़ दिया गया है। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले खड़गे ने पार्टी सदस्यों को अटकलों वाले बयानों के जरिए 'अनावश्यक भ्रम' की स्थिति उत्पन्न करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हाईकमान के पास बदलाव करने की शक्ति है, लेकिन अनावश्यक रूप से भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब कर्नाटक में कई कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के भीतर असंतोष का संकेत देते हुए सार्वजनिक रूप से टिप्पणी की है और शिवकुमार को रोटेशन के आधार पर मुख्यमंत्री पद संभालने के लिए समर्थन का संकेत दिया है, जैसा कि 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले चर्चा की गयी थी। उनके हस्तक्षेप को आंतरिक अशांति को शांत करने और राज्य स्तरीय मामलों पर केंद्रीय नियंत्रण को फिर से कायम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# बिहार में शरीया कानून लाना चाहते हैं नमाजवादी गठबंधन

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ तेजस्वी यादव के बयान पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का पलटवार

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नए वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंकने संबंधी बयान की कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और पूछा है कि क्या 'नमाज़वादी' इंडी गठबंधन बिहार में शरीया कानून लागू करना चाहता है।

भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पटना के गांधी मैदान में रविवार को राष्ट्रीय जनता दल की रैली में तेजस्वी यादव के भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए, लेकिन बड़े दुख की बात है, पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए थे। वहां कल एक ऐसी रैली हुई, जिसमें इंडी गठबंधन के सहयोगी बिहार के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे। जबकि यह कानून (वक्फ बोर्ड कानून) दोनों सदनों से पारित है और न्यायालय में विचाराधीन है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इसका अर्थ ये हुआ कि न संसद का सम्मान है, न न्यायपालि. का का सम्मान है। वोट बैंक की चाहत में इंडी गठबंधन के सहयोगी तेजस्वी यादव द्वारा जो कुछ बोला गया है, उससे साफ है कि ये संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह कहना चाहता हूं कि कुरान में 'वक्फ' जैसा कोई शब्द नहीं है। यह मुल्लाओं और मौलवियों द्वारा बनाया गया।

### बिहार में 2003 की मतदाता सूची के 4.96 करोड़ मतदाताओं को सबूत देने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया है और उसमें शामिल 4.96 करोड़ मतदाताओं को समीक्षा के दौरान अपनी पहचान के सबूत के तौर पर कोई दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची उसकी वेबसाइट पर अपलोड की गई है, जिसमें 4.96 करोड़ मतदाताओं के विवरण शामिल हैं। आयोग ने कहा कि इस सूची के मतदाताओं को समीक्षा के दौरान कोई दस्तावेज नहीं देना होगा तथा इनके बच्चों को अपने माता-पिता से संबंधित कोई दस्तावेज जमा कराने की भी जरूरत नहीं है।

## बरेली के आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति का आह्वान

# जीवों के कल्याण को करें शक्ति का प्रयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ विलुप्त होती प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण है, भारतीय संस्कृति की सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति देखती है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी प्रजातियों के संरक्षण को जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने और समझने की शक्ति दी है उसका इस्तेमाल सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

मुर्मू ने सोमवार को बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के दीक्षांत समारोह में कहा कि मनुष्य का वनों और वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व का रिश्ता है। कई प्रजातियों के या तो विलुप्त होने या विलुप्त होने के कगार पर पहुं. चने का उल्लेख करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि इन प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने और समझने की शक्ति दी है, उसका उपयोग सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। कोरोना महामारी ने मानव जाति को आगाह किया है कि उपभोग पर आधारित संस्कृति न केवल मानव जाति को बल्कि अन्य जीवों और पर्यावरण को भी अकल्पनीय नुकसान पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि 'ईशावास्यम इदं सर्वम' के जीवन मूल्य पर आधारित भारतीय संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति देखती है। देवताओं और ऋषियों द्वारा जानवरों से संवाद करने की मान्यता भी इसी सोच पर आधारित है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आज पूरे विश्व में 'एक स्वास्थ्य' की अवधारणा को महत्व मिल रहा है। इसका मानना है, मनुष्य, पालतू तथा जंगली जानवर, वनस्पतियां और व्यापक पर्यावरण सभी एक-दूसरे पर निर्भर हैं। हमें पशु कल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख पशु चिकित्सा संस्थान के रूप में आईवीआरआई इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है खासकर जूनोटिक रोगों की रोकथाम और नियंत्रण में। राष्ट्रपति ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी पशु चिकित्सा और उनकी देखभाल में भी क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है।

### मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में आरोप प्रत्यारोप का ऐसा दौर चल रहा है, जिसमें राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति को भी घसीट लिया जाता है और यह भारतीय लोकतंत्र और संस्कृति से मेल नहीं खाता। धनखड़ ने राजस्थान के जयपुर में राज्य के पूर्व विधायकों के संगठन राजस्थान प्रगतिशील मंच के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश का मौजूदा राजनीतिक परिवेश भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से भी मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आप अलग-अलग दलों में हो सकते हैं और इसमें भी बदलाव होता रहता है। सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष में जाता रहता है और प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष में आता रहता है। पर इसका मतलब यह नहीं है कि दुश्मनी हो जाए। दरार पैदा हो जाए। दुश्मन सीमापार हो सकते हैं। देश में हमारा कोई दुश्मन नहीं हो सकता। उप राष्ट्रपति ने कहा कि राजनीति का परिवेश असहनीय हो रहा है। बेलगाम होकर वक्तव्य दिए जा रहे हैं।

# इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए बेहतर सुविधाएं: सिन्हा

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा के लिए काफी बेहतर व्यवस्था की गई है।

सिन्हा ने तीन जुलाई को शुरू होने वाली यात्रा से पहले जमीनी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गंदेरबल के बालटाल की अपनी यात्रा के दौरान कहा कि श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी), नागरिक प्रशासन, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सुरक्षा बल और अन्य सभी हितधारकों ने श्रद्धालुओं के लिए शांतिपूर्ण, सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी की जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में समन्वय तंत्र को अंतिम रूप देने और वार्षिक तीर्थयात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना और बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए इस मामले में संदिग्ध स्थानीय गाइड को गिरफ्तार किया है। जवानों ने कल रात राजौरी के केरी सेक्टर के तारकुंडी क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखीं। सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गए और आतंक वादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।



सेंसेक्स 84058.90
निफ्टी 25637.80



सोना रु. 95886
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 105510
प्रति किलो



# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, ऑटो, बैंकिंग, धातु और रियल्टी समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिन की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 452.44 अंक की गिरावट लेकर 83606.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 120.75 अंक लुढ़ककर 25517.05 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.67 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,854. 46 अंक और स्मॉलकैप 0.81 प्रतिशत उछलकर 54,690.91 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4290 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2362 में लिवाली जबकि 1750 में बिकवाली हुई, वहीं 178 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3052 कंपनियों के शेयरों में से 1756 में तेजी जबकि 1188 में गिरावट रही वहीं 108 में टिकाव रहा। बीएसई के 10 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0. 41, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 0.17, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.49, बैंकिंग 0.59, धातु 0. 49, तेल एवं गैस 0.19, रियल्टी 0. 87 और टेक समूह के शेयर 0.06 प्रतिशत गिर गए। वहीं हेल्थकेयर 0. 56, इंडस्ट्रियल्स 0.66, कैपिटल गुड्स 1.10, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0. 42 और सर्विसेज समूह के शेयर 1. 08 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 32 अंक फिसलकर 84,027.33 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 84,099.53 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 83,482.13 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गए। अंत में पिछले दिवस के 84,058.90 अंक के मुकाबले 0.54 प्रतिशत की गिरावट लेकर 83,606.46 अंक पर रहा। वहीं निफ्टी 24 अंक की बढ़त के साथ 25,661.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,669.35 अंक के उच्चतम जबकि 25,473.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,637.80 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत लुढ़ककर 25,517. 05 अंक पर बंद हुआ।

# सोना 102 बढ़कर 95,886 पर पहुंचा, चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 102 बढ़कर 95,886 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 95,784 पर था। वहीं चांदी की कीमत 317 बढ़कर 1,05,510 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,193 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,410 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,260 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,150 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,310 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,200 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,724 रुपए बढ़कर 95,886 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 19,493 रुपए बढ़कर 1,05,510 रुपए पर पहुंच गया है।

# सोया रिफाइंड, वनस्पति तेल और उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड, वनस्पति तेल के साथ ही उड़द दाल सस्ती हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 27 रिंगिट गिरकर 3959 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की तेजी के साथ 52.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सोया रिफाइंड में 36 रुपए और वनस्पति तेल में 133 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल की 250 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14066 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14533 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन-पाकिस्तान...**

के मुताबिक, एसबीएस-3 का मकसद पाकिस्तान, चीन और हिंद महासागर क्षेत्र को ज्यादा विस्तार में कवर करना है, ताकि कम समय में हाई रिजोल्यूशन निगरानी संभव हो। इसरो के सैटेलाइट्स के अलावा वायुसेना तीन हाई-एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम (एचएपीएस) विमान भी खरीदने की तैयारी में है। ये ड्रोन जैसे मानव रहित विमान होंगे, जो लंबी अवधि तक ऊंचाई पर उड़कर निगरानी में मदद करेंगे। ये सैटेलाइट्स की निगरानी क्षमताओं को मजबूत करेंगे। एचएपीएस विमान आमतौर पर धरती से 18 से 20 किलोमीटर (60,000 फीट) ऊपर उड़ता है और लंबे समय तक एक ही जगह पर बना रह सकता है। 7 से 10 मई 2025 के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जैश-ए- मोहम्मद के खिलाफ भारी सैन्य कार्रवाई की थी। इकोनॉमिक टाइम्स (ईटी) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान देशी सैटेलाइट्स और कुछ विदेशी कॉमर्शियल डेटा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रियल टाइम ट्रैकिंग में कई खामियां उजागर हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि हमें अपने फैसलों की गति तेज करनी होगी। जितना जल्दी हम 52 सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में स्थापित करेंगे, हमारी सुरक्षा उतनी ही मजबूत होगी। भारत का यह कदम चीन के तेज होते अंतरिक्ष सैन्यकरण के जवाब में भी है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सैटेलाइट थे, वहीं आज उसके पास 1000 से ज्यादा सैटेलाइट्स हैं, जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी (आईएसआर) कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी-सैटेलाइट मिसाइल, को-आर्बिटल सैटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम और लेजर जैसे हथियार भी हैं। भारत के स्पेस बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने की थी। एसबीएस1 प्रोग्राम के तहत 2001 में चार सैटेलाइट लॉन्च किए गए थे। जिसमें रिसैट प्रमुख था। इसके बाद एसबीएस 2 मिशन में 2013 में 6 सैटेलाइट लॉन्च किए गए।

**पहाड़ी राज्यों...** एनडीआरएफ और प्रशास. निक टीमें राहत-बचाव का काम कर रही हैं। हिमाचल में बीते 48 घंटे से बारिश हो रही है। पिछले 10 दिन में 39 लोगों की मौत हुई है। बारिश के चलते कई जिलों में भूस्खलन और पानी भरने की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राज्य में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कई जगहों पर लैंडस्लाइड की आशंका है। हिमाचल के सोनल में अर्की-शालाघाट मार्ग पर लैंडस्लाइड हुआ है। पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा नीचे खड़ी गाड़ियां के ठीक सामने गिरा। शिमला के भट्टाकुफर 5 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बीती रात इमारत खाली कर दी गई थी। फोरलेन कटिंग की वजह से नींव कमजोर हो गई थी। अब बारिश के बाद मिट्टी धंसने से बिल्डिंग गिरी। राजस्थान के चूरू जिले में सुबह 5 बजे से ही बारिश हो रही है। शहर के निचले इलाकों में स्थित घरों और दुकानों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है। पूरे राजस्थान में 20 जून के बाद से ही मानसून की बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण पाली में कई जगह बरसाती नदियां उफान पर हैं।

# मई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर1.2 प्रतिशत

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपभोक्ता मांग में कमी के बीच देश में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मई 2025 में 1.2 प्रतिशत रही जो गत वर्ष सितंबर के बाद का इसका न्यूनतम स्तर है। पिछले वर्ष इसी माह औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.3 प्रतिशत और इस वर्ष अप्रैल में 2.6 प्रतिशत थी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी मई के आंकड़ों के अनुसार अखिल भारतीय आईआईपी मई, 2025 में 156.6 रहा, जबकि एक साल पहले इसी माह यह 154.7 और एक माह पहले 151.8 अंक था। इस वर्ष मई में खनन क्षेत्र का उत्पादन सालाना आधार पर 0.1 प्रतिशत घट गया जबकि विनिर्माण क्षेत्र में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बिजली का उत्पादन मई में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत कम रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल-मई में औद्योगिक वृद्धि दर 1.8 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। इस वर्ष मई में प्राथमिक वस्तु उद्योग के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.2 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि रही। आलोच्य माह में माध्यमिक वस्तुओं का उत्पादन 3.5 प्रतिशत बढ़ तथा निर्माण/ अवसंरचना वस्तु उद्योग की वृद्धि 6.3 प्रतिशत रही। इसी दौरान टिकाऊ उपभोक्ता उद्योग का उत्पादन 0. 7 प्रतिशत कम रहा।

### खरीफ की बुआई का रकबा बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में मौजूदा वर्ष के खरीफ मौसम में धान, श्रीअन्न और दलहन की बुआई का रकबा बढ़ा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रायल ने सोमवार को यहां जारी आंकडों में बताया कि 27 जून तक देश में बुआई का रकबा 235.44 लाख हेकटेयर से बढ़कर 262.15 लाख हेक्टेयर हो गया। आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23. 78 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 35.02 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी तरह दलहन का रकबा 15.37 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 21.09 लाख हेक्टेयर हो गया है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 24°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 1 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 169 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 5 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

























# पेपर मिल में काम कर रहे युवक की रोल मंडल में आने से हुई मौत

## परिजनों व ग्रामीणों ने युवक की मौत पर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सिखेड़ा /जानसठ।** जानसठ मुजफ्फरनगर मार्ग पर सिखेड़ा क्षेत्र के गांव निराना मे स्थित एक पेपर मील मे युवक की रोल मंडल मे आने से मौत हो गयी।

हाईवे मुजफ्फरनगर जानसठ मार्ग पर स्थित थाना सिखेड़ा के गांव निराना में स्थित एक पेपर मिल में रोल मंडल मे आने से युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नोमान पुत्र इमरान रोजाना की तरह रविवार को शाम के समय फैक्ट्री में मजदूरी करने के लिए गया था सुबह ठेकेदार शाहरुख पुत्र बुद्धदन निवासी सलारपुर द्वारा परिजनों को नौमान के काम करते हुए घायल होने की सूचना परिजनों को दी।परिजनों को जिला चिकित्सालय आने के लिए कहा सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे जहां उसकी मौत हो चुकी थी। तो वहीं युवक के परिजनों व ग्रामीणों ने पेपर मिल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

हंगामे की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे व हंगामा कर रहे परिजन व ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया। तो वही पुलिस ने फैक्ट्री पहुँच पुरे मामले की गहनता से जाँच पड़ताल की व फैक्ट्री मे लगे सीसीटीवी कैमरो को चौक किया गया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज चौक करने के दौरान नोमान पेपर रोल मंडल की और आता हुआ दिखाई देता है उसके बाद की फुटेज मे कही भी मृतक नोमान नही दिखाई देता है इससे परिजन व ग्रामीण कई तरह की आशंका लगा रहे है पेपर मील मे परिजन व ग्रामीणो के बीच काफ़ी गहमा गहमी होने बाद के बाद मृतक युवक के परिजनों की ओर से व कुछ जिम्मेदार लोग ग्राम प्रधान अयूब अंसारी पूर्व प्रधान शफीक कुरैशी निवासी बिहारी सहकारी समिति मंसूरपुर के डायरेक्टर मरगूब हसन पूर्व प्रधान इस्तेखार निराना वह अन्य लोगों की मौजूदगी में मील प्रशासन द्वारा पैसे देने कि मृतक के परिजनों को देने की सहमति बनी। तो वही उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खतौली के कंपोजिट विद्यालय में चोरी की वारदात

## ताले तोड़कर पंखे व एलईडी बल्ब चुरा ले गए चोर

**खतौली।** नगर क्षेत्र स्थित कानून गोयान कंपोजिट विद्यालय चोरों के निशाने पर आ गया। बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय में घुसकर कमरे के ताले तोड़ दिए और वहां से दो पंखे एवं दो एलईडी बल्ब चुरा ले गए। चोरी की इस घटना के बाद विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

शनिवार सुबह जब विद्यालय स्टाफ विद्यालय परिसर पहुँचा तो कक्षाओं के ताले टूटे देख कर सभी कर्मचारी हैरान रह गए। घटना की जानकारी प्रधानाचार्य गीता को दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।प्रधानाचार्य गीता ने बताया कि विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है। लगातार हो रही चोरी की घटनाएं स्कूल की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल की संपत्ति बच्चों के लिए है और इस तरह की घटनाएं निंदनीय हैं। प्रधानाचार्य ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है और जल्द कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मौके का निरीक्षण किया गया है और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### स्थानीय लोगों ने उठाई सुरक्षा बढ़ाने की मांग

विद्यालय में हुई चोरी की इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में भी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यह स्कूल बच्चों के भविष्य से जुड़ा हुआ है और यहां बार-बार चोरी की घटनाएं होना चिंताजनक है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल में चौकीदार की तैनाती की जाए और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें। विद्यालय प्रशासन और स्थानीय लोग अब पुलिस की कार्यवाही और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## कांवड़ मार्गों पर तैनात रहेगी 43 बाइक एम्बुलैंस

**मुजफ्फरनगर।** सावन का महीना 11 जुलाई में शुरू हो रहा है। सावन में कांवड यात्रा की तैयारी को लेकर मुजफ्फरनगर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसके साथ ही सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा के लिए भी प्रशासन ने कमर कस ली है।सीएमओ डा. सुनील कुमार तेवतिया एसीएमओ डा. प्रशांत कुमार को कांवड यात्रा का नोडल चिकित्सा अधिकारी बनाया है। कांवडियों को पुरकाजी से लेकर खतौली तक जगह-जगह मार्ग पर ही मिनी अस्पताल की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने मुख्य कांवड मार्ग सहित नहर पटरी मार्ग पर 43 स्वास्थ्य कैंप लगाने के लिए जगह चिन्हित की है। इसमें पुरकाजी सहित मुख्य मार्ग पर पडने वाली सभी सीएचसी को इसमें शामिल किया है। इन स्वास्थ्य कैंपों में कांवडियों को दवाईयों के साथ प्राथमिक उपचार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य चिकित्सा सुविधा भी मरीजों के लिए दी जाएगी। सभी एंबुलेंस के चालकों को उनके पाइंट पर तैनात रहने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी दुर्घटना होने पर एंबुलेंस के जरिए कांवडियों को उचित स्थान पर पहुंचाकर उपचार दिया जाए। बाइक एंबुलेंस ऐसे करेगी काम कांवड यात्रा के दौरान सडकों पर अधिक भीड होने के चलते रास्ते बंद रहते हैं। ऐसे में कांवडियों सहित आम मरीज को भी जिला अस्पताल या अन्य बडे अस्पतालों तक पहुंचाने में समस्या का सामना करना पडता है। इसमें कांवड यात्रा के दौरान बाइक एंबुलेंस सडकों पर दौडेगी, जिनके चालक फास्टएड किट के साथ तैनात रहेंगी। कम समय में मौके पर पहुंचकर कांवडियों को उपचार देंगे। भर्ती के लिए जरूरत पडने पर मरीज को जिला अस्पताल भी भर्ती कराएगी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार महिला-पुरुष की मौत

**बुढ़ाना।** मोटर साइकिल पर सवार एक महिला और एक पुरुष की एक सड़क हादसे में आज सोमवार की देर रात दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक चालक ने दोनों के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया और फरार हो गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने ट्रक का पीछा किया तो ट्रक चालक को पुलिस ने भागदौड़ करके पकड़ लिया। आज सोमवार की देर रात लगभग पोने 11 बजे एक मोटर साईकिल पर सवार एक महिला और एक पुरुष बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड को निकलकर कस्बे के डाक्टर अय्यूब के यहां से दवाई लेकर लौटकर अपने घर जा रहे थे। जब वे पुराने बिजलीघर के पास आए तो वहीं खड़े एक ट्रक चालक ने ट्रक को मोटर साईकिल के उपर चढ़ा दिया और फरार हो गया। जिसमें मोटर साइकिल पर सवार बुढ़ाना निवासी शमशाद पुत्र मेहरदीन सैफी और उनकी पत्नि जमशीदा निवासी नई तहसील के सामने बुढाना की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया।

# हत्या में पांच को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर।** अभियोजन के अनुसार 15 जुलाई 2021 को यद्धवीर सिंह पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम अहरोड़ा थाना जानसठ द्वारा थाना जानसठ पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए अवगत कराया कि आरोपी अंकुर पुत्र विजयपाल ,विजयपाल पुत्र जबर सिंह ,गोविन्दा पुत्र अजयपाल , नीशू उर्फ अजीत पुत्र विजयपाल निवासीगम ग्राम अहरोडा तथा सौरभ पुत्र धारासिंह निवासी ग्राम ढांसरी थाना ककरौली ने उसके पिता मांगेराम की गोली मारकर हत्या कर दी। दर्ज मुकदमे की जांच करते हुए जानसठ पुलिस ने आरोपी, विजयपाल, गोविन्दा व सौरभ को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दियाा था तथा आरोपी गोविन्दा को कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। थाना जानसठ पुलिस द्वारा आरोपी नीशू उर्फ अजीत को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया था। थाना जानसठ पुलिस ने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए गुणवत्तापूर्वक विवेचना पूर्ण कर 2 अक्टूबर 2021 को आरोपी के विरूद्व आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया।

इस मुकदमे की पैरोकारी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कमलकान्त एवं कोर्ट पेरोकार सचिन कुमार ने प्रभावी पैरवी की गई। यह मामला न्यायालय एडीजे-6 के यहां विचाराधीन था और गवाहों व सबूत के अभाव में मुकदमे में आरोपों को सही मानते हुए आरोपी अंकुर, विजयपाल, गोविन्दा, नीशू उर्फ अजीत व सौरभ को आजीवन कारावास तथा 40 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा आरोपी नीशू उर्फ अजीत उपरोक्त को 7 वर्ष कठोर कारावास व 5000/- रुपये अर्थदण्ड एवं मु0अ0सं- 157/21 धारा 3/25/27 आयुध अधि. नियम में 02 वर्ष कारावास तथा 5000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# जलमग्न मंदिर में मनीष चौधरी ने दिया पुजारी संग धरना

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मौहल्ला जनकपुरी स्थित ऐतिहासिक गौरीशंकर मंदिर में भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया है। मंदिर में करीब तीन-चार फुट पानी भर जाने से लोगों में आक्रोश नजर आया। ऐसे में जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी भी मंदिर पहुंचे और जलभराव के बीच ही पुजारी व अन्य लोगों के साथ मंदिर में घंटा बजाकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन और नगरपालिका परिषद् के खिलाफ पानी में ही धरना शुरू कर दिया।



जनकपुरी स्थित गौरीशंकर मंदिर के पुजारी देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से यहां पूजा-अर्चना कर रहे हैं, लेकिन हर साल बरसात में यही स्थिति देखने को मिलती है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालि. का, पार्षदों और यहां तक कि मंफी कपिल देव अग्रवाल तक कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन किसी ने इस समस्या की गंभीरता को नहीं समझा।

पुजारी देवेंद्र मिश्रा की आवाज पर प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी भी मंदिर पहुंचे और मंदिर परिसर में जमा पानी में ही खड़े होकर धरना शुरू कर दिया। इस अव्यवस्था पर उन्होंने कहा कि जब तक मंदिर से पानी नहीं निकलेगा, मैं यहीं खड़ा रहूंगा। नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को इस हालत की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में बताया कि मंदिर में हर सावन के महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जल चढ़ाने आते हैं, लेकिन ऐसी स्थिति में भगवान की सेवा बाधित हो रही है। इस बीच उन्होंने नगरपालिका की ईओ डक्क प्रज्ञा सिंह से भी फोन पर बातचीत कर समस्या की जानकारी दी और आंदोलन की चेता. वनी दी गई। ईओ ने तत्काल ही पानी निकालने की व्यवस्था का भरोसा दिया। इस बीच समाजसेवी मनीष चौधरी और पुजारी देवेंद्र मिश्रा ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर के लिए स्थायी जलनिकासी व्यवस्था बनाई जाए और इसके जीर्णो)ार को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गौरीशंकर मंदिर धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, इस ओर खुद जिला. धिकारी को संज्ञान लेकर यहां पर समस्या का समाधान स्थाई रूप से कराना चाहिए। हम खुद भी क्षेफ के लोगों को साथ लेकर जिलाधिकारी से मिलकर यह मांग रखेंगे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा भतीजा अंशुलपाल व उसकी पत्नि सोनिया पाल का चाल चलन सही नही है और अंशुल पाल के माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। अंशुल पाल व उसकी पत्नी सोनिया पाल भी मेरे व मेरे भाईयों व परिवार के साथ एक ही मकान में रहते है। किन्तु अंशुल पाल अब मेरे व मेरे भाईयों के कहने सुनने से बाहर है व अत्याधिक परेशान होकर उक्त अंशुल पाल व उसकी पत्नि सोनिया पाल को अब अपने से बेदखल कर रहे है और अब हमारा अंशुल पाल व उसकी पत्नि सोनिया पाल से कोई मतलब वास्ता नही है और अब वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**ब्रजेश पुत्र महाबीर**
**निवासी म.न.-5 मल्हूपुरा,**
**थाना सिविल लाईन**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे लडके सचिन व उसकी पत्नी सोनिया और मिन्टू व उसकी पत्नी सुषमा मेरे सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गए हैं इसलिए मैंने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**बिरजू पुत्र नानक**
**निवासी- मौहल्ला रामनगर बरला**
**थाना छपार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**बुढ़ाना।** सोमवार की सुबह सही समय पर अपने कार्यालय में पहुंची बुढ़ाना परगने की एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बाहर खड़े लोगों को अपने कार्यालय में बुलवाकर बारी बारी से उनसे उनकी समस्याओं के संबंध में बातचीत करते हुए शिकायत से संबंधित अधिकारियों को फोन कर शिकायतों के जल्द से जल्द निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही ना हो और सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का काम करते हुए मौके पर पहुंचकर ही समस्याओं का समाधान किया जाए और फिर उनको और फरियादियों को अवगत कराया जाए। गौरतलब है कि बुढाना



एसडीएम मोनालिसा जोहरी अपने कार्यालय में समय पर आकर आने वाले सभी फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान करने का काम करती हैं। हाथों हाथ वे उक्त समस्याओं का निस्तारण करने का पूरा प्रयास करती हैं।

हर फरियादी उनकी कार्यशैली से खुश ही नजर आता है और अपनी बात को बड़ी ही तसल्ली से उनके समक्ष रखता है। उनका बर्ताव उनको सबसे अलग अधिकारियों के श्रेणी में लाता है। आज सोमवार को भी एसडीएम मोनालिसा जोहरी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका मौके पर ही तुरन्त समाधान किया।

# तेज रफ्तार बाइक सवार 6 युवकों का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बुढ़ाना।** एक तेज रफ्तार मोटर साईकिल पर सवार आधा दर्जन युवक खिलन्दरी कर रहे हैं। किसी कार चालक ने इनका 22 सैकेंड का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस भी हरकत में आ गयी और सभी की तलाश शुरु कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दिन सोशल मीडिया पर 22 सैकेंड का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वायरल वीडियो बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कांधला रोड का बताया जा रहा है। इस वीडियो में दोनों साइड से आते जाते वाहन अपने गंतव्य की और दौड़ रहे हैं जबकि एक मोटर साइकिल पर सवार छह युवक मोटर साइकिल पर बैठकर खिलन्दरी करते जा रहे हैं। जो मोटर साइकिल चला रहा है वो मोटर साईकिल की टंकी पर आराम से बैठकर बैखोफ होकर मोटर साइकिल चला रहा है। अगर किसी कारण से मोटर साईकिल अनियंत्रित हो जाए तो इन युवकों का क्या हाल हो। इसको मौत का ही सफर कहा जा सकता है कि जिस मोटर साइकिल पर कानून के हिसाब से दो से अधिक भी नहीं बैठ सकते उस मोटर साइकिल पर आधा दर्जन युवक बैखोफ होकर बैठे हैं। किसी भी युवक के चेहरे पर जरा सा भी शिकन नहीं है। वैसे पुलिस ने इनकी तलाश शुरु कर दी है।

## भवानी मार्ग के निजी चबूतरे पर अवैध कब्जे की कोशिश

**खतौली।** भवानी मार्ग स्थित एक निजी चबूतरे पर अवैध कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित अशोक शर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण ने कोतवाली प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा को शिकायती पत्र सौंपते हुए अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि उसके निजी चबूतरे पर कुछ लोगों ने जलेबी, कढ़ी चावल, छोले भटूरे जैसे खाद्य पदार्थों की दुकानें लगाकर कब्जा कर लिया है और अब वहां पक्के निर्माण की कोशिश की जा रही है। जब उसने इसका विरोध किया तो अतिक्रमण करने वालों ने दूसरे समाज के लोगों को बुलाकर मौके पर गाली-गलौज और धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से तत्काल अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

**प्रकाशन हेतू**

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन (आदेश 5 कायदा 1 और 5) न्यायालय श्रीमान किराया प्राधिकरण/अपर कलैक्टर (वित्त एवं राजस्व) मुजफ्फरनगर
वाद सं.- D202509550001226 सन 2025 गुलफाम अली पुत्र स्व. मौ. इस्माईल निवासी म0नं0-387, गली नं0 15, उत्तरी लद्धावाला, मुजफ्फरनगर, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्रार्थी / आवेदक**
बनाम शादाब पुत्र मौ. युसुफ निवासी म.नं0-695, दक्षिणी खालापार, मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर। ..... विपक्षी / विरोधी पक्ष अन्तर्गत धारा-21(2) (बी) उ.प्र.नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधि0-2021 आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी / आवेदक ने आपके विरूद्ध किरायेदारी बेदखली अधिनियम के अन्तर्गत उपरोक्त वाद न्यायालय में योजित किया है, आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तरपत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात होने के लिए दिनाँक 09.07.2025 को दिन में 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनॉक को न्यायालय में स्वय या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में सबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती के लिए जो उक्त तिथि नियत की गयी है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात नही होते तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण-दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 30 माह 06 सन 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया। **आज्ञा से**

**किराया प्राधिकरण/अपर कलैक्टर (वित्त एवं राजस्व) मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम RAFAT HUSAIN से बदलकर RAFAT HUSAIN ZAIDI रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम RAFAT HUSAIN ZAIDI से ही जाना व पहचाना जाए।

RAFAT HUSAIN ZAIDI
S/O ALI HASAN ZAIDI
R/0565/566.
GALI No-12, SAKET ROAD, MAHLUPURA,
MUZAFFARNAGAR
(UP)

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा एक पुत्र मौ. तालिब गलत संगत में पड़कर मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। प्रेम प्रसंग के चलते मौ. तालिब ने श्रीमत्ति गुलिस्ता पुत्री कय्यूम को उसकी ससुराल से अपने साथ ले जाकर रख लिया,जो लिव-इन रिलेशनशीप में रह रहे हैं। मौ. तालिब व गुलिस्ता की हरकत से समाज में परिवार की प्रतिष्ठा खराब हो रही है जिस कारण मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों से अब इनका कोई सम्बन्ध किसी प्रकार का नही रहा है, मैने मौ. तालिब को उसकी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल उससे तमाम सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं यदि भविष्य में मौ. तालिब व गुलिस्ता कोई भी लेन-देन या अन्य कोई भी कार्य करते है तो उसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**गय्यूर पुत्र मकसूद**
**निवासी- बुढीना खुर्द,**
**थाना तितावी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# बुआड़ा कला में टयूबवैलों पर चोरों का धावा, चार किसानों की मोटरों से तांबा चोरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआड़ा कला में चोरों ने एक ही रात में चार किसानों की ट्यूबवेलों को निशाना बना डाला। अज्ञात चोर टड्ूबवेलों के ताले तोड़कर मोटर खोल ले गए और उनमें से कीमती तांबा निकालकर फरार हो गए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद किसानों के खेमे में हड़कंप मचा हुआ था।

बुआडा गांव निवासी विरवाला पुत्र सुभाष चंद शर्मा, वीरसिंह पुत्र भुंडिया, और सन्तर लाल सहित चार किसानों की चोरों ने टड्ूबवेल के ताले तोड़कर उनके अंदर से हजारों रुपये कीमत की मोटरों को उठाकर उनमें से तांबा चुरा लिया। पीड़ित किसानों ने सोमवार सुबह कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और जल्द कार्रवाई की मांग की।किसानों का कहना है कि टड्ूबवेल ही उनकी फसल का सहारा है और इस प्रकार की चोरी से खेती पर गंभीर असर पड़ेगा।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है। गांव में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में रोष है और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## पीएनबी के काउंटर से पचास हजार चोरी

**छपार।** रात्रि में अज्ञात चोरों ने बसेड़ा पुलिस चौकी के बराबर में ताला तोड कर पंजाब नेशनल बैंक के काउंटर से पचास हजार रुपए चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है। गांव बसेड़ा में पुलिस चौकी के बिल्कुल बराबर में एक दुकान में बसेड़ा निवासी अंकित पंजाब नेशनल बैंक का कैश काउंटर चलाता है। रविवार को छुट्टी होने के कारण दुकान बंद थी।

सोमवार को सुबह जब वह दुकान खोलने लगा तो टुटे ताले देखकर होश उड़ गए। अन्दर देखा तो गल्ला अस्त व्यस्त था उसमें रखे पचास हजार रुपए चोरी हो गये। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

# आसान है कमजोर लोगों पर हिंसा का आरोप लगाना : चन्द्रशेखर



**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास आश्रम में पहुंचे भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने गुरू बंदगी कर संतों का आशीर्वाद लिया। साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान अनुयायियों को हुई असुविधा व समाज के संतों को उचित सम्मान न मिलने पर रोष प्रकट किया तथा कोशाम्बी की घटना को लेकर कमजोर लोगों पर फर्जी मुकदमे दर्ज करने के शासन प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाए। वहीं 16 सदस्यीय संतों का एक प्रतिनिधिमंडल आश्रम के प्रबंधक महात्मा गोवर्धनदास से मिला तथा आगामी 10 अगस्त को होने वाले सत्संग व भंडारे के कार्यक्रम पर चर्चा की। इस दौरान एडीएम वित्त, एसडीएम जानसठ, सीओ भोपा सहित जिले के आला अधिकारी तथा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरू रविदास मिशन के सदस्यों द्वारा 30 जून को संत समागम का आहवान किया गया था।

### कार्यक्रम के दौरान रहा भारी हंगामा

समनदास आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों में भारी रोष दिखाई दिया। भक्तों ने गत 11 जून को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान भक्तों को हुई असुविधा व समाज के संतों की अनदेखी को लेकर रोष प्रकट किया।

कार्यक्रम में भीम आर्मी चीफ चंद्रेशेखर के शामिल होने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। सोमवार सुबह सवेरे मोरना भोकरहेडी शुक्रताल क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। अनेक स्थानों पर बैरिकेटिंग लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया। दोपहर के समय संतों का एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें आचार्य कंवरपाल ब्रह्मचारी महाराज, सतपालदास महाराज, गुलाब. दास महाराज, मानदास महाराज, महात्मा ब्रजपालदास, महात्मा महीपालदास, प्रविन्द्र धारिया, महात्मा प्रेमदास, महात्मा मेघराज, महात्मा मेहरचन्ददास, महात्मा ज्ञानदास महाराज, महात्मा ज्ञानदास महाराज, महात्मा मेघराजदास, महात्मा तारादास, महात्मा सरदादास, कुलदीपदास, महात्मा ब्रिजेशदास शामिल रहे, जिन्होंने कहा कि बीते 10 व 11 जून को सत्संग में मुख्यमंत्री के आगमन से अनुयायियों को भारी परेशानी का सामना करना पडा तथा आश्रम के द्वार बंद भक्तों को गुरू बंदगी करने से रोक दिया गया तथा समाज के संतों को मुख्यमंत्री के मंच पर स्थान नहीं दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्य घटनाएं कुछ ऐसी घटी कि जिससे समाज आहत हुआ। प्रकरण को लेकर संतों का प्रतिनिधिमंडल आश्रम के प्रबंधक महात्मा गोवर्धनदास से मिला तथा आगामी 10 अगस्त को सत्संग व 11 अगस्त को भंडारे के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। भीम आर्मी के संस्थापक व नगीना लोकसभा सांसद चन्द्रशेखर ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा को लेकर जो अव्यवस्था हुई है, वह उचित नहीं है। भक्तों को गुरू बंदगी करने से रोका जाना उचित नहीं है हिंसा के जिम्मेदार शासन प्रशासन है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 10946, दिनांक 07/10/2021 में गलती से नाम अब्दुल्लाह(ABDULLAH) अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम अब्दुल्लाह हादी (ABDULLAH HADI) है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 14571, दिनांक 16/12/2022 में गलती से हुरैन (HURAIN) नाम अंकित करा दिया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम हुरैन नूर (HURAIN NOOR) है। संशोधन हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ. साबिर पुत्र मौ. अब्बास**
**446 , गुल्लर गली, खालापार**
**मुजफ्फरनगर**
**मो.न-9997116178**

**Female Staff Required**
**Nawab Azmat Ali Khan Girls Degree College, Muzaffarnagar**
Invites Application for female staff for the post of lecturer in Computer Science And English- Apply with resume and recent passport size photograph with hand written Application.
Eligibility :- According UGC Norms
**Contact**
Azmat Bagh Arya Samaj Road- Muzaffranagar (U.P.)
Mo.No. 0131-2622191, 9012846455
naakgirlscollege@gmail.com
MANAGER
(DR NAWAZ DEOBANDI)
9319155237

# ओबीसी को साधने जिले में पधारेंगे के. लक्ष्मण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** जिला पिछड़ा मोर्चा कमेटी की एक मीटिंग गांधी कॉलोनी बारात घर पर की गई जिसमें जिले की कमेटी एवं जिले के सभी मंडल अध्यक्ष वहां उपस्थित थे जिनका मार्गदर्शन भूपेंद्र सैनी क्षेत्रीय जिला मंत्री, अध्यक्ष सुंदर पाल व रामकुमार कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने किया, उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया की प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जाति जनगणना किए जाने के उपलक्ष में पिछड़ा मोर्चे द्वारा जगह-जगह कार्यक्रम कर मोदी जी को धन्यवाद दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर में पिछला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण भी 5 जुलाई 2025 को बरात घर, गांधी कॉलोनी, पचेडा रोड आकर सभी लोगों के समक्ष



मोदी का धन्यवाद करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने की खुशी में मोर्चे के सभी लोग जोर शोर से तैयारी कर रहे हैं और सब लोगों में एक खुशी का माहौल है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से तरुण पाल जिला पंचायत सदस्य, जयकरण, मनोज पांचाल जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, विजय वर्मा जिला मंत्री, डॉ करण सिं,ह रामपाल सिंह, नरेंद्र सिंह प्रजापति, राकेश कुमार, ओम वीर पाल, सनोज कुमार प्रजापति, पपेंद्र, मनोज पाल, फौजी इंद्र कुमार, योगेश पाल, डॉ राधेश्याम, जयकेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरे पुत्र आजम ने मेरी व मेरी परिवार की मर्जी के विरूद्व आयशा से शादी कर ली है। आजम व उसकी पत्नी आयशा मेरे व परिवार को तंग व परेशान करते रहते है, इसलिए मैने अपने पुत्र आजम व उसकी पत्नी आयशा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मैने व मेरे परिवार ने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन, वाद विवाद आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने किसी भी कृत्य व लेन देन के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**रईस अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी ग्राम उमरपुर थाना बुढाना जिला-मुजफ्फरनगर हाल पता अल्लीपुर बहरा थाना घौस जिला-फतेहपुर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं.- 14738/ दिनांकित 15.12. 2020 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम प्रणय अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा । नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**विनीत शर्मा**
**385/गांव पोस्ट ऑफिस**
**तेजलहेडा मुजफ्फरनगर**
**मो.नं-9068866545**

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :26°C
न्यूनतम : 23°C
मुजफ्फरनगर, मंगलवार 1 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 169 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**मौजूदा राजनीतिक माहौल लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं: धनखड़**

पेज 2



**आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब**

खेल टाइम्स



**जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति**


संपादकीय

# चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर सैटेलाइट से होगी निगरानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है। सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे।

सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3' (एसबीएस-3) योजना बनाई है। इसके लिए 26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी आन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत इसरो 21 सैटेलाइट बनाएगा और लॉन्च करेगा, जबकि 31 सैटेलाइट्स तीन निजी भारतीय कंपनियां तैयार करेंगी। पहला सैटेलाइट अप्रैल 2026 तक लॉन्च किया जाएगा, लेकिन समय सीमा को और घटाने का प्रयास जारी हैं। ये सैटेलाइट्स लो-अर्थ आर्बिट और जियोस्टेशनरी आर्बिट में तैनात किए जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी -शेष पृष्ठ दो पर



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने जा रहा है भारत**

**चार साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किए जाएंगे, एआई से लैस, आपस में कनेक्ट रहेंगे**

# पहाड़ी राज्यों में बारिश का कहर जारी

## बदरीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, उत्तरकाशी में सात लापता मजदूरों के लिए रेस्क्यू जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है।

उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर गोचर बंदखंड के पास लैंडस्लाइड हुआ है। मलबा सड़क पर आ गया। लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ जाने वाले रोड पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया था। हादसे में 29 मजदूर लापता थे, जिनमें से 20 को बचा लिया गया था, दो मजदूरों की मौत हुई है। 7 लापता की तलाश जारी है। यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सोमवार को भी रेस्क्यू का काम जारी है। पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, -शेष पृष्ठ दो पर

**हिमाचल में गाड़ियों के सामने दरका पहाड़, शिमला में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी**



### एक लाख का इनामी बदमाश संदीप ढेर

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मवीकलां गांव के पास नोएडा एसटीएफ और बागपत पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक लाख के इनामी बदमाश संदीप को मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। गोली लगने से एसटीएफ का एक मुख्य आरक्षी भी घायल हुआ है। संदीप पर कानपुर पुलिस की ओर से हाईवे पर चार करोड़ रुपये की निकिल प्लेट लूट में एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# आज से रेल किराये में बढ़ोतरी लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से वृद्धि की गई है। बड़े शहरों की उपनगरीय तथा मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

रेल मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय रेलवे ने एक जुलाई से मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों के अनारक्षित द्वितीय श्रेणी, स्लीपर श्रेणी एवं गैर वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के किराए में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा सभी प्रकार की वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की एक समान वृद्धि की है। सूत्रों के अनुसार साधारण पैसेंजर श्रेणी की ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि 501 किलोमीटर से 1500 किलोमीटर तक दूरी के टिकट पर पांच रुपये, 1501 से 2500 किलोमीटर के टिकट के लिए 10 रुपये तथा 2501 से 3000 किलोमीटर तक किराए पर 15 रुपये बढ़ाए गए हैं। इन्हीं गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी और प्रथम श्रेणी के किरायों में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

### अमरनाथ यात्रा को जम्मू में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए हैं। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि कल तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे।

## बोधगया मंदिर बौद्धों को सौंपने की याचिका पर विचार नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के बोधगया मंदिर का नियंत्रण और प्रबंधन बौद्धों को सौंपने का निर्देश देने की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सुलेखाताई नलिनिताई नारायणराव कुंभारे की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता नारायणराव को इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी। अदालत ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय से गुहार लगाने को कहा। न्यायमूर्ति सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर सीधे विचार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि ऐसी याचिका विचारणीय नहीं है।

# ललित मोदी को शीर्ष कोर्ट से राहत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में ललित ने बीसीसीआई को 10.65 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने की मांग की थी।

यह जुर्माना प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट (फेमा) का उल्लंघन करने के लिए उन पर लगाया था। जस्टिस पीएस नरसिंहा और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मोदी की याचिका को जवाब लायक नहीं बताया और कहा कि इस मामले में मोदी चाहें, तो सिविल कोर्ट में कानूनी उपाय आजमा सकते हैं, लेकिन बीसीसीआई पर कोई सीधा आदेश नहीं दिया जा सकता। साल 2009 में आईपीएल का आयोजन साउथ अफ्रीका में हुआ था। इस दौरान ईडी ने आईपीएल को शिफ्ट करने के दौरान हुए लेन-देन को लेकर मोदी पर 10.65 करोड़ का जुर्माना लगाया था।



**सुप्रीम कोर्ट ने 10.65 करोड़ का जुर्माना भरने वाली याचिका खारिज की**

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 12 की मौत

संगारेड्डी, वार्ता

**तेलंगाना के** संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हो गया। घटना में 12 मजदूरों की मौत हो गई, 34 लोग जख्मी हैं।

हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ। राज्य के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने कहा कि अब तक 4 शव बरामद हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अब और कोई मौत नहीं होगी। आईजी वी. सत्यनारायण ने बताया कि घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ, वहां 90 लोग मौजूद थे।

**34 लोग घायल**

# भारतीय लड़ाकू विमानों के नुकसान की रिपोर्ट गलत

जकार्ता, वार्ता

**भारत ने** इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान अपने रक्षा अताशे की प्रेजेंटेशन को लेकर फैली उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने अपने कुछ लड़ाकू विमान खो दिए थे। भारत ने रिपोर्टों को संदर्भ से बाहर बताया और कहा कि प्रेजेंटेशन को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

इंडोनेशिया में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि मीडिया में जो बातें कही गई हैं, वे गलत ढंग से पेश की गई हैं और बातों को संदर्भ से हटाकर बताया गया है। दूतावास ने कहा कि हमने इंडोनेशिया में एक सेमिनार के दौरान दिए गए रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। इसमें कही गई बातें संदर्भ से हटाकर पेश की गई हैं और रक्षा अताशे के प्रेजेंटेशन के उद्देश्य को गलत तरीके से दिखाया गया है। दूतावास ने यह भी बताया कि उस प्रेजेंटेशन का मुख्य उद्देश्य यह समझाना था कि भारतीय सशस्त्र बल हमारे पड़ोस के कुछ अन्य देशों के मुकाबले राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था और भारत की कार्रवाई उत्तेजक या आक्रामक नहीं थी।




### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोलकाता दुष्कर्म मामला

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई को पत्र के जरिये एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। यह मामला कस्बा क्षेत्र में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कालेज का है, जहां 25 जून को एक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर ही तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया।





















# मेयर डा.अजय व विधायक गुंबर ने शहर का लिया जायजा

## जल निकासी के लिए युद्ध स्तर पर जुटी निगम की टीमें, मेयर ने दिए जरूरी दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बीती सारी रात भारी बारिश के चलते शहर के कुछ क्षेत्रों में जलभराव होने पर नगर निगम की टीमें अपने पूरे संसाधनों के साथ सुबह पांच बजे से ही जल निकासी के लिए युद्ध स्तर पर जुटी हैं। उधर महापौर डॉ. अजय कुमार ने भी नगर विधायक के साथ अनेक वार्डो का दौरा किया और जल निकासी कार्य का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



बीती रात भारी जलवर्षा से शहर के निचले इलाकों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम की टीमें सुबह पांच बजे से ही बारिश के बीच जल निकासी कार्य में जुट गयी । पिंजौरा के निकट ढमोला नदी में जलकुंभी आ जाने के कारण मशीन लगाकर युद्ध स्तर पर उसे साफ कराया गया ताकि ढमोला में जलप्रवाह निरंतर बना रहे। नगरायुक्त शिपू गिरि ने बताया कि शहर के निचले और जलभराव वाले इलाकों में लगाये गए मढ़ पम्प के अलावा सक्सन मशीनों द्वारा भी लगातार जल निकासी की जा रही है।

उधर महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगर विधायक राजीव गुंबर के साथ साकेत कॉलोनी, वार्ड 42 के संत नगर व सेतिया विहार आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया तथा वहां एक नाले की दीवार क्षतिग्रस्त हो जाने पर उसे बनवाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि उन्होंने शहर के अनेक क्षेत्रों का जायजा लिया है। निगम की टीमें लगातार सुबह से जल निकासी के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है।

इस दौरान निगम के नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव के अलावा क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी, पार्षद के के बत्रा, पार्षद मयंक गर्ग व मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता आादि भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# शिक्षा बिना तरक्की नहीं: आशु मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा से देहात विधायक आशु मलिक ने कहा कि शिक्षा के बिना तरक्की संभव नहीं है।

आशु मलिक ने यह बात ग्राम ढाल्लाचौरा में मांडेबांस प्रधान अब्दुल्ला तारिक द्वारा बच्चों की हौंसला अफजाई के लिये आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही कौम व देश की तरक्की का रास्ता निकलता है। शिक्षा सबको हासिल करनी चाहिये। खासतौर से बेटियां शिक्षा हासिल करने में पीछे न रहे। उन्होंने कैराना सांसद इकरा हसन, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, पुंवारका ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया, पार्षद अहमद मलिक, रूही अंजुम के साथ बेटियों को सम्मानित कर उनकी हौंसला अफजाई की। इस दौरान राव महताब, मोहर्रम अली पप्पू, हाफिज उवैस, बिलाल सहारनपुरी, नदीम फरूख ने भी अपने विचार रखे। अंत में प्रधान अब्दुल्ला तारिक ने अतिथियों का आभार जताया और कहा यह आयोजन न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने का एक कदम है, बल्कि हमारी बेटियों को सशक्त बनाने का प्रयास भी है।

# नगर आयुक्त का टैक्स विभाग में निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज हाउस टैक्स विभाग का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जीआईएस सर्वे नोटिसों पर आयी आपत्तियों और उनके निस्तारण के सम्बंध में जानकारी ली तथा आपत्तियां दर्ज कराने आये लोगों से भी बात की।



नगरायुक्त शिपू गिरी, अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव के साथ आकस्मिक निरीक्षण के लिए हाउस टैक्स पहुंचे और वहां कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी व कर अधीक्षक सुधीर शर्मा से जीआईएस सर्वे नोटिसों पर आ रही आपत्तियों के सम्बंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि सभी वार्डो के राजस्व निरीक्षकों व लिपिकों के पास आपत्तियां प्राप्त हो रही हैं। वरिष्ठ लिपिक रामकुमार ने बताया कि प्राप्त आपत्तियों को विवरण के साथ रजिस्टर में चढ़ाया जा रहा है। नगरायुक्त ने वरिष्ठ लिपिक के पटल पर जाकर रजिस्टर की भी जांच की।

नगरायुक्त ने अधिकारियों से जीआईएस सर्वे नोटिसों पर आने वाली आपत्तियों के निस्तारण के सम्बंध में जानकारी ली। कर अधीक्षक ने बताया कि आपत्तियों का निस्तारण शुरु कर दिया गया है। नगरायुक्त ने आपत्ति निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने पुनः दोहराया कि जीआईएस सर्वे नोटिसों की आपत्ति का निस्तारण किये बिना किसी करदाता से टैक्स नहीं वसूला जायेगा।

# उल्लेखनीय कार्य करने वाले रोटेरियन सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मोनी का वार्षिक विदाई एवं अवार्ड समारोह में वर्ष 2024-25 को क्लब का स्वर्णिम वर्ष घोषित किया गया।

रेलवे रोड स्थित होटल पंजाब में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर डॉ. अजय सिंह रहे। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रीटा सिंह के साथ पूरे वर्ष उल्लेखनीय सामाजिक कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष रो. अनिल भारद्वाज ने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विशेष रूप से डॉ. संजीव अग्रवाल, चार्टर प्रेसिडेंट रो. संदीप गर्ग, रो. लोकेश चौहान, रो. ज्योति मेहता, रो. राधिका छाबड़ा और रो. विनीत चौहान के योगदान की प्रशंसा की व क्लब के सभी मेंबर्स को




अवॉर्ड प्रदान किए।

क्लब ट्रेनर सीनियर रो. राकेश सपरा और चार्टर प्रेसिडेंट रो. संदीप गर्ग ने भी टीम के समर्पण और सामा. जिक कार्यों की सराहना की। आगामी सत्र के अध्यक्ष रो. सुनील छाबड़ा ने अपने सचिव रो. जितेश नागपाल एवं कोषाध्यक्ष रो. संजय श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर रो. लोकेश चौहान द्वारा तैयार की गई भव्य फोटो एलबम का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. अजय सिंह द्वारा किया गया। देहरादून से पधारे क्लब सदस्य अंत. रराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. संजीव अग्रवाल एवं श्रीमती रीटा अग्रवाल ने भी रोटरी के कार्यों की सराहना करते हुए अपने निरंतर योगदान का आश्वा. सन दिया।

इस अवसर पर शहर के प्रमुख चिकित्सक रो. डॉ. प्रवीण शर्मा, रो. डॉ. रेनू शर्मा, पूनम भारद्वाज, रो. राक. ेश मेहता, रो. ज्योति मेहता, रो. संदीप गर्ग, रो. आशु गर्ग, रो. विनीत चौहान, मानसी, रो. राकेश सपरा, नीना सपरा, रो डॉ संजीव अग्रवाल, रीता अग्रवाल, आलोक मित्तल, मीनू, विभोर ऐरन, शील, सुनील छाबड़ा, राधिका, संजय श्रीवास्तव, मंजुल, पूर्व असिस्टेंट गवर्नर रो पंकज बंसल, डॉ आभा बंसल, जितेश नागपाल, प्रिया नागपाल, अमित सेठी, खुशबू सेठी, संजय ममता वर्मा, मोहन बंसल, आभा, लोकेश चौहान, अवनी, रजत, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

# आईपीएस आशीष ने संभाला पदभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आशीष तिवारी ने जनपद पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया है।



ईमानदारी, कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस तिवारी महिला अपराधों के प्रति बेहद संवेदनशील और सख्त रुख रखने वाले अधिकारी माने जाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह साजवान का लखनऊ में स्थानांतरण होने पर आईपीएस आशीष तिवारी को जनपद का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। मूल रूप से मध्य प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले आशीष को उनकी साफ सुथरी कार्यशैली के लिए जाना जाता है।

# ट्रकों की भिड़ंत के बाद लगा लंबा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में ग्राम माजरी के निकट कलसिया-फतेहपुर मार्ग पर दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे के चलते सड़क पर दोनों ओर यातायात पूरी तरह ठप हो गया, और कुछ ही देर में लगभग तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हादसे की खबर मिलते ही राहगीरों ने मुज्जफरबाद चौकी को सूचित किया।

तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना फतेहपुर के प्रभारी सचिन पुनिया अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क पर फंसे ट्रकों को हटवाया और बाधित यातायात को सुचारू कराया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दोनों ट्रकों को काफी नुकसान हुआ है।

# पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

**सहारनपुर।** हजारो प्राइमरी स्कूलों को बंद किये जाने के विरोध में आज कांग्रेस पिछडा विभाग कार्यकर्ताओं ने पद यात्रा निकालकर कलैक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

पिछडा विभाग कार्यकर्ता हकीकत नगर धरना स्थल पर एकत्र हुए और वहां से पदयात्रा निकालते हुए कलैक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। पूर्व उपाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि आज की सरकारों की मानसिकता पर आरएसएस विचारधारा कितनी हावी हो गई कि सरकारी प्राइमरी पाठशालाओं को बंद करके पिछड़ों और दलितों सहित सभी गरीबों के नौनिहालों के शिक्षा के अधिकारों को समाप्त कर देना चाहती है। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सैनी, निर्वातमान प्रदेश सचिव योगी जाटव ने भी प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। प्रदर्शनकरियों में बीरसेन उपाध्याय, नवाब प्रधान, अक्षय चौधरी, सतीश कश्यप, प्रभजीत सिंह, दीपक सैनी, मांगेराम सैनी, जगपाल चौधरी, धर्मवीर ठेकेदार, महेश पाल, नसीब खान, शिवचरण, शहनाज बेगम, मधु सहगल, रामकुमार, आदित्य उपाध्याय आदि शामिल रहे।



# छोटे व मंझोले निजी स्कूलों पर टैक्स का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम क्षेत्र की मलिन बस्तियों व पिछड़े क्षेत्रों में संच. ालित छोटे व मंझोले निजी स्कूलों पर हाउस टैक्स, जलकर और फ्लैक्स टैक्स लगाए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक ने कहा कि मलिन बस्तियों और गली-मोहल्लों में स्थित हिंदी माध्यम के छोटे निजी विद्यालय गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को सस्ती और सुलभ शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन इन विद्यालयों पर नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स, जलकर और फ्लेक्स टैक्स थोपना सरासर अन्याय है। उन्होंने दिल्ली सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की कि सौ गज से लेकर 500 गज तक के निजी स्कूलों को सभी प्रकार के करों से मुक्त किया जाए, क्योंकि ये संस्थाएं जनहित में सेवाभाव से कार्य कर रही हैं और शिक्षित युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराती हैं। मलिन बस्तियों व पिछड़े क्षेत्रों के छोटे निजी स्कूलों को टैक्स मुक्त किया जाए।



इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गय्यूर आलम, जिला अध्यक्ष के.पी. सिंह, मंडल उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोरियान मुजाहिद नदीम, मोहम्मद बुरहान अली, अफजाल अहमद, महताब अली, प्रकाश पांडे, वसीम अहमद, शान इलाही, शिवकुमार मालियांन, अजय सिंह रावत, ध्रुवव कुमार, शशिकांत शर्मा, हंस कुमार, जोरा सिंह, रामचंद्र, अनिल सचदेवा, बजाहत अली, शरीफ फरीद अहमद खान आदि शिक्षक व स्कूल संच. ालक मौजूद रहे।

# जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के धार्मिक इतिहास में पहली बार शास्त्रों में वर्णित चतुर्विध संघ जिसमें महामुनि. राज, आर्यिकाएँ, श्रावक एवं श्राविकाएँ सम्मिलित हैंकृका भव्य मंगल प्रवेश संपन्न हुआ।

परम पूज्य आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज 14 मुनिराजों एवं 20 आर्यिकाओं के साथ चंद्रनगर जैन मंदिर से जैन बाग स्थित प्राचीन मंदिर जी तक विशाल शोभायात्रा के रूप में पधारे। शोभायात्रा चंद्रनगर से प्रारंभ होकर घंटाघर, नेहरू मार्केट, शहीद गंज, नया बाजार, सर्राफा बाजार, हलवाई हट्टा, रानी बाजार एवं रायवाला होते हुए जैन बाग मंदिर पहुँची। पूरे नगर को तोरण द्वारों एवं पुष्प सज्जा से भव्य रूप में सजाया गया था। अनेक स्थलों पर परम पूज्य आचार्य श्री की मंगल आरती कर स्वागत किया गया। घंटाघर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं मेयर डॉ. अजय सिंह ने आचार्य श्री का ससम्मान स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में सिख, मुस्लिम, वैष्णव व सनातन धर्म के लोगों ने भी आचार्य श्री के चरणों में नमोस्तु निवेदित कर सौहार्द का संदेश दिया। जैन बाग मंदिर स्थित 55 भव्य जिनबिंबों के दर्शन कर आचार्य श्री ने प्रवचन में सहारनपुर को धर्म नगरी एवं विद्वानों की धरा बताते हुए कहा कि यह नगर 25 जिनालयों से सुसज्जित है, और संगठित रूप से धर्म प्रचार में अग्रणी है। नगरवासियों को मेरा मंगल आशीर्वाद है। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन ने आचार्य श्री के श्रीचरणों में नमन करते हुए कहा कि यह नगर पुण्यशाली है जहाँ चेतन तीर्थ, तपस्वी मुनिराज स्वयं पधारे हैं। सभी नागरिक चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8. 30 बजे प्रवचन का लाभ लें और जीवन को विशुद्ध बनाएं। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं जैन समाज के संरक्षक राकेश जैन ने कहा कि तपस्वी संघ की वंदना हेतु स्वर्ग से इंद्र देव भी स्वागत वर्षा कर गए हैं। नगरवासी जीवन से घृणा, हिंसा, क्रोध त्यागकर सौहार्द व राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

धर्मसभा में सीए अनिल जैन, महामंत्री संजीव जैन, अविनाश नाटी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। संघ की अगवानी में चंद्र जैन, कुलभूषण जैन, विपिन जैन, डॉ. एके जैन, राजा राकेश जैन, पत्रकार नीना जैन, दीपक जैन, विनय जैन, निखिल जैन, नितिन जैन सहित हजारों श्रावक- श्राविकाएँ श्रद्धा से सम्मिलित रहीं।

# सर्वदलीय संघर्ष समिति करेगी आंदोलन: ठा.वीरेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर में लगातार बिगड़ते हालात, नगर निगम में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार, सर्वे के नाम पर टैक्स में बेतहाशा बढ़ोतरी तथा टैक्स कम करने के नाम पर जनता से की जा रही खुली लूट के विरोध में अब जन आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है।



सर्वदलीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि नगर निगम की कार्यशैली से आम जनता, व्यापारी वर्ग तथा नागरिक समाज बुरी तरह त्रस्त है। निगम द्वारा नियुक्त काली वर्दीधारी कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के साथ मारपीट, अभद्रता तथा अपमानजनक व्यवहार की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे शहर में भय और आतंक का माहौल बन गया है।इन हालातों से तंग आकर सर्वदलीय संघर्ष समिति ने सभी प्रमुख राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिनिधियों, धार्मिक संस्थाओं आदि के सहयोग से एक बड़ा जन आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है।

आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए शीघ्र ही सभी संगठनों की एक संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

# मजलिसों में शहादत का फलसफा किया बयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोहर्रम की तीन तारीख रात में नगर के विभिन्न इमामबाड़ो में हुई मजा. लिस मे मुस्लिम धार्मिक विद्वानो ने करबला के शहीद हजरत मुस्लिम के दो छोटे व कमसीन बच्चे शहीद हजरत औन व शहीद हजरत मुहम्मद की शाहदत का फलसफा ब्यान किया गया।




मजालिस मे सब से पहले मरसिए खानी की गयी मरसिया पढने वालो मे आसिफ अल्वी, सलीस हैदर काजमी, हमजा जैदी सलीम आब्दी, खुवाजा रईस अब्बास आदि रहे। पहली मजलिस इमामबाड़ा सामानियान मौहल्ला कायस्थान में हुई जिसको हुज्जत-उल इस्लाम मौलाना डाक्टर सैय्यद फतेह मुहम्मद जैदी ने खिताब फरमाया। दूसरी मजलिस बडा इमामबाड़ा जाफर नवाज में हुई जिसको हुज्जत-उल इस्लाम मौलाना मिर्जा जावेद ने खिताब फरमाया। तीसरी मजलिस छोटा इमामबाड़ा अन्सारियान में हुई जिसको हुज्जत-उल इस्लाम मौलाना सैय्यद मीसम नकवी ने खिताब फरमाया। चौथी मजलिस पुराना कलसिया रोड़, सादात कालोनी स्थित मरकज इमाम जाफर ए सादिक अलैहिस्सलाम में मौलाना वासिफ काजमी ने खिताब फरमाया।

मजालिस के आखिर मे नौहा खानी की गयी जिसमे अन्जुमने अकबरिया व अन्जुमने इमामिया व अन्जुमने सोगवारे अकबरिया ने नौहा खानी व सीनाजनी की।

# खबर का असर, मौके पर अफसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों में हो रही बरसात के चलते मस्करा का जलस्तर बढ़ गया है।जिससे शाहजहांपुर मस्करा से सटी किसानों की जमीनों में कटाव हो रहा है। सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में खबर वायरल होने के बाद मामले का संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग की टीम एसडीओ ,एवं जेई ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया।

सोमवार को सिंचाई विभाग के बिजेंद्र एसडीओ एवं जेई महेशचंद विकास खंड सरसावा के गांव शाहजहांपुर के रकबे सादुल्लापुर में मस्करा किनारे किसानों के पास पहुंचे वहां पर उन्होंने किसानों से बात. चीत कर स्थिति का बारीकी से जायजा लेते हुए कहा कि अपने उच्चाधिकारियों को स्थिति की एक रिपोर्ट बनाकर भेजी जाएगी। किसानों ने विभागीय अधिकारियों से बताया कि जमीनों में कटाव के चलते उनकी करीब 30 बीघा जमीन एवं लाखों रुपए के पॉपलर



के पेड़ मस्करा में समा चुके है।

सिंचाई विभाग की टीम के मौके पर पहु. चने से किसानों को इस बड़ी समस्या के समाधान की आस जगी।इस मौके पर किसान विपिन चौधरी,पंकज चौधरी, सुक्कड, इस्म पाल, भोला,इकबाल,सब्बीर ज्ञानचंद आदि मौजूद रहे।

# मारपीट और गाली गलौज का मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फतेहपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम सरदाहेड़ी में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया है।

प्रथम पक्ष की पिंकी, पत्नी प्रदीप, निवासी सरदाहेड़ी, ने ऋषिपाल, विनोद, सोनी, मेघराज, अक्षय, रितिक, सावन, शिव कुमार, प्रदीप, रोहित और रवि के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज की शिकायत दर्ज की है। दूसरी ओर, द्वितीय पक्ष के धर्मेंद्र, पुत्र ऋषिपाल, ने नाथीराम, परवीन, प्रदीप, सचिन, अमित, धर्मेंद्र, नवीन, पिंकी और राखी के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# दी कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के चुनाव में 20 पदों के लिए नामांकन दाखिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दी कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के होने वाले प्रतिष्ठापूर्ण वार्षिक चुनाव के लिए आज 20 पदों पर ठाकुर राज सिंह एवं अधिवक्ता कल्याण गुट के उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किएं इस दौरान अधिवक्ताओं में गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बार संघ कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी गोकर्ण दत्त शर्मा, चुनाव अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, महेश चंद्र गुप्ता, अश्विनी कुमार, प्रतिभा चौहान, दीपाली शर्मा के समक्ष उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन प्रस्तुत किया जिनमें अध्यक्ष पद पर संजीव कुमार, जितेंद्र सिंह पुंडीर महासचिव पद पर, सरोत्तन सिंह व जयवीर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर, हरपाल सिंह व दीपक कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर, नाहिद खानम व विकेश कुमार खटाना कोषाध्यक्ष. पद पर, सुभाष चंद्र व प्रदीप कुमार सहसचिव पद पर, धनवीर सिंह, राजेश कुमार, हबीब, मेघराज सिंह, श्रीमती मलका, मंजीत सैनी वरिष्ठ सदस्य पद पर, जगभूषण शरण, शिवराज सिंह, हसीन अहमद, मानसिंह, राजपाल सिंह, सुबोध कुमार, राकेश कुमार शर्मा, चंद्रपाल सिंह, दिनेश सिंह, तैयबा शाह, संजय कुमार प्रजापति ने अपने-अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इनके अलावा कनिष्ठ सदस्य पद पर वंदना, प्रीतम सिंह, विजय प्रताप, अश्वनी कुमार, कुंवर राजदीप, रोहन सिंह, सुभाष चंद्र मेनवाल, कुमारी असमित कौर, सावंत कुमार सैनी, मोहम्मद अदनान, श्रीमती निशा सिंह एवं पंकज शर्मा ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

**ट्रैफिक रहा जामःसहारनपुर।** शहर में लगातार जारी सड़क निर्माण कार्यों और बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था के कारण सोमवार को पूरे दिन लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर पुलिस लाइन रोड पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते गिल कालोनी, हाथी गेट और कोर्ट रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। यही नहीं, कई गलियों तक वाहनों की भीड़ का असर दिखा।

# घात लगाए बैठे युवकों का बाइक सवार पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव गांगनोली के निकट बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे शीतलाखेडा निवासी एक युवक पर घात लगाए बैठे युवकों ने धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद हमलावर घायल को मृत समझ भाग खड़े हुए। युवक को गंभीर हालत में हायर सेंटर भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव शीतलाखेड़ा निवासी लव कुमार पुत्र अवध सिंह रविवार को किसी काम से नागल आया था। रात करीब दस बजे जब वह वापस घर जा रहा था तो जैसे ही वह गांगनोली के निकट स्थित अमरूद के बाग के पास पहुंचा तो वहां घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उस पर लाठी, डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में वह अचेत होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर युवक उसे मरा हुआ समझदार वहां से भाग निकले। सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची पुलिस ने उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। घटना की नामजद तहरीर घायल युवक के भाई द्वारा पुलिस में दी गई है।

थाना प्रभारी रमेश चन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर आमकी दीपचंदपुर निवासी तीन नामजद व चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# बरसात से गिरे गरीबों के तीन आशियाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने ब्लॉक के गांव नसरुल्लागढ़ में एक गरीब परिवार से उसकी छत ही छीन ली।

नसरुल्लागढ़ गांव निवासी पिंटू उपाध्याय पुत्र जयपाल सिंह का कच्चा मकान भारी बारिश में भरभरा कर जमींदोज हो गया। संयोग अच्छा था, कि घटना के समय परिवार का कोई सदस्य भीतर मौजूद नहीं था। अन्यथा हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। पिंटू उपाध्याय गांव गांव फेरी लगाकर अपने परिवार की रोजी रोटी चलाता है। आंखों में आंसू और चेहरे पर बेबसी लिए पिंटू ने बिलखते हुए बताया काफी दिनों से वह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रहा है। लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। हादसे में पिंटू और उसके भाई की मोटरसाइकिलें मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। घर में रखा सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। सबसे दुखद यह है कि हादसे की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी जा चुकी है। लेकिन कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा। न किसी प्रकार की राहत उपलब्ध कराई गई। लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचार और भेदभाव के चलते पात्र लोग योजनाओं से वंचित होते जा रहे हैं। जबकि अपात्रों को लाभ मिल रहा है।



**रामपुर मनिहारान।** रुक रुक हो रही बारिश के कारण एक गरीब व्यक्ति की कच्ची कड़ियों वाली छत भरभरा कर गिर गई। पीड़ित ने बताया कि उसने कई बार पीएम आवास योजना के लिए आवेदन किया लेकिन उसका पक्का मकान नहीं बन सका।

मौहल्ला मनिहारान घास मंडी निवासी गफ्फार पुत्र रुस्तम के कड़ियों वाले कच्चे मकान की छत लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार सुबह लगभग छह बजे भरभरा कर गिर गई।गनीमत रही कि उस समय तक सब जग चुके थे और कमरे से बाहर थे वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था।छत की गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए।भारतीय किसान यूनियन तोमर के तहसील अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान इदरीसी व वार्ड सभासद रहमान इदरीसी भी मौके पर पहुँचे।गफ्फार ने बताया कि वह मजदूरी करता है और पत्नि कुछ घरों में काम करने जाती है।गफ्फार ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पहले भी कई बार आवेदन किया है और अब भी कर रखा है लेकिन अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला।उन्होंने बताया कि अब बिना छत के मकान में बारिश के मौसम में बच्चों को लेकर कैसे रहेंगे।वहीं किसान नेता मुजीबुर्रहमान इदरीसी ने कहा कि इनके रहने के लिए फिलहाल किसी किराए के मकान की व्यवस्था कराई जाएगी और इनका पीएम आवास योजना



पक्का मकान बनवाने का प्रयास करेंगे

**तीतरों।** क्षेत्र में कई दिन से हो रही बारिश परेशानी का कारण बन गई है। बरसात के कारण ग्रामीण के मकान की छत गिर गई। गनीमत रही की बड़ा हादसा नहीं हुआ। क्षेत्र में रोजाना कई दिनों से बारिश हो रही है।

ग्राम हैदरपुर में सुरेंद्र कुमार के मकान की छत कच्ची है। सुबह के समय बारिश के कारण छत पर पानी जमा हो गया। छत पर पानी जमा होने के कारण छत अचानक गिर गई। छत गिर जाने के बाद कमरे में रखा सामान खराब हो गया। गनीमत रही कि सुरेंद्र के परिजन सुबह के समय रसोईघर में खाना खा रहे थे वरना जनहानि हो सकती थी। मकान की छत गिर जाने के बाद ग्रामीणों ने लेखपाल को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद लेखपाल ने मकान का मुआयना किया।

# गंदेवडा में ध्वंस्त सफाई व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकासखंड पुंवारका की ग्राम पंचायत गंदेवड़ा में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। गांव में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं, और नालों में बड़े-बड़े घास और कचरे का जमावड़ा है।

नालों की सफाई न होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर भर रहा है, जिससे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ग्राम प्रधान साजिद अली इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान को फोन करने पर वह न तो कॉल उठाते हैं और न ही शिकायतों का समाधान करते हैं।

मोहम्मद फुरकान, हाजी शाहिद, मोहम्मद रिजवान, इस्लाम, मोहम्मद असलम, अब्दुल रहीम, जावेद, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद सलीम, जल्फान और आकलिन अंसारी जैसे ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी के कारण मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सड़कों पर जलभराव से आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि साफ-सफाई के लिए कई बार प्रधान से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

ग्राम प्रधान की उदासीनता से नाराज ग्रामीण अब उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की



तैयारी में हैं। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल नालों की सफाई और गंदगी हटाने के लिए ठोस कदम उठाए।

## नए रोड पर लगे ट्रांसफार्मर: ममता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 09 की सभासद ममता शर्मा ने हलवाना रोड पर विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर विद्युत उपखंड फतेहपुर डीएस एसडीओ को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में सभासद ने बताया कि हलवाना रोड पर विद्युत आपूर्ति घास मंडी तिराहे के ट्रांसफार्मर से हो रही है, जो बड़े क्षेत्र को कवर करता है। अत्यधिक विद्युत भार के कारण ट्रांसफार्मर में बार-बार फ्यूज उड़ने की समस्या बनी रहती है, जिससे रात के समय मोहल्ले वासियों को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को पहले भी विभाग के समक्ष उठाया जा चुका है, और विभाग द्वारा नए ट्रांसफार्मर की स्वीकृति भी दी गई है।

ममता शर्मा नें क्ळ से अनुरोध किया है कि हिंद विहार कॉलोनी, हलवाना रोड के निवासियों की सुविधा के लिए नए ट्रांसफार्मर की स्थापना शीघ्र की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को इस समस्या से निजात मिल सके। पत्र पर समस्त हिंद विहार कॉलोनी के निवासियों के हस्ताक्षर भी शामिल हैं।

सभासद ममता शर्मा ने कहा, ष्हम उम्मीद करते हैं कि विभाग इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान करेगा, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिले।ष

# चोरी की बाइक समेत युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** उत्तराखंड से चोरी की गई बाइक फर्जी नंबर प्लेट व धारदार चाकू के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा एक शातिर अपराधी।

शनिवार की देर रात पुलिस ने ग्राम पदमनगली रोड स्थित सत्संग भवन के निकट से संदिग्ध हालात में घूम रहे एक युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान योगेन्द्र पुत्र राजपाल निवासी ग्राम जुड्डी थाना के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल उस पर लगी फर्जी नंबर प्लेट, एक धारदार चाकू बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह बाइक उत्तराखंड से चोरी की गई थी। जिसकी पहचान छुपाने के लिए आरोपी ने न सिर्फ फर्जी नंबर प्लेट लगाई बल्कि चेसिस नंबर भी मिटा दिया। पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर चौंकाने वाला सच सामने आया। गिरफ्तार योगेन्द्र अपराध की दुनिया का पुराना खिलाड़ी निकला। वर्ष 2016 से 2025 तक उसके खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी, शस्त्र अधिनियम तथा आबकारी अधिनियम के तहत कुल 9 संगीन मुकदमे दर्ज हैं। इनमें थाना सदर बाजार, थाना नकुड़ क्षेत्र के कई गंभीर प्रकरण शामिल हैं।

पूछताछ में योगेन्द्र ने माना कि वह अनपढ़ है। अपना गुजारा अपराध के जरिए करता है। गिरफ्तारी के समय उसने पुलिस से हाथ जोड़कर माफी की गुहार लगाई।

## सहायता राशि का चेक सौंपा

**तीतरों।** विधायक कीरत सिंह ने मृतक आश्रित की पत्नी को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। कई साल पहले गांव कलसी निवासी ओमपाल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। विधायक कीरत सिंह ने ओमपाल की पत्नी उषा को चालीस हजार रुपये की सहायता राशि का चैक प्रदान किया। इस दौरान प्रधान विकुल सिंह, सनी कुमार, अनिल कुमार, जसवीर सिंह, लेखपाल समीर, भूपेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग के जी का जंजाल बना खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र में प्रशासन की अनदेखी के चलते हो रहा मिट्टी का अवैध खनन विद्युत विभाग के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन रहा है।

ज्ञात हो कि चिलकाना सुल्तानपुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कंई दिनों से बिजली की भारी समस्या बनी हुई है, जिसके चलते ग्रामीण लोग एकत्र होकर विद्युत उपखण्ड पर पहुंचकर प्रदर्शन तक करने को मजबूर हो रहे हैं। नगर में विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के कारण नगरवासी पीने के पानी की बूंद बूंद को तरस गये हैं। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से नगर पंचायत द्वारा लगाई गई पानी की मोटर न चलने के कारण नगरवासियों को जलापूर्ति भी सही तरीके से नही मिल पा रही है नगर में पीने के पानी की भारी किल्लत हो रही हैं। इस सम्बंध में जब विद्युत उपखण्ड के जेई पराग मौर्य से बात की गयी तो उन्होने बताया कि मिट्टी का अवैध खनन होने के चलते विद्युत पोल के आसपास से मिट्टी उठ जाने के कारण बरसात में कंई जगहों पर विद्युत पोल गिर गये हैं। जिनकी मरम्मत का कार्य चल रहा है जिस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है। पानी के बीच से विद्युत पोल उठाने जरूरी हैं अन्यथा इससे गंभीर दुर्घटना भी हो सकती है।

बतातें चले कि अवैध खनन करने वालों का हौसला इतना बुलंद है कि मुख्यमंत्री के सख्त आद. ेशों के बावजूद भी खेतों में विद्युत पोल के चारों तरफ से करीब चार से छः फीट मिट्टी खोदकर ले गये व मिट्टी के टीलों पर खडे विद्युत पोल बरसात के कारण जमा हुए पानी में नीचे गिर गये है। विद्युतकर्मियो को अपनी जान जोखिम में डालकर कंई फीट पानी के बीच से होकर टीले के ऊपर चढ़कर गिरे हुए विद्युत पोल को उठाना व विद्युत तारों को ठीक करना पड रहा हैं।

# जन-जन तक पहुंचाएं पार्टी की नीतियां: बेनीवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट विधान सभा के गांव जाटोवाला में बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें नेशनल कोऑर्डिनेटर और मुख्य मंडल कोऑर्डिनेटर ने भाग लिया।

सोमवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम जाटोवाला मे बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नेशनल कोऑर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचना है ताकि 2027 में फिर से बहन कुमारी मायावती मुख्यमंत्री बन सके।

समीक्षा बैठक में मुख्य मंडल कोऑर्डिनेटर पूर्व एमएलसी डॉक्टर मेघराज सिंह जरावरे ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करना चाहिए, ताकि आगामी चुनाव में बहन मायावती फिर से मुख्यमंत्री बन सकें।



मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश प्रधान ने कहा है कि सभी विधानसभा अध्यक्ष सभी बूथ अध्यक्ष एक-एक कार्यकर्ताओं को सम्मान के साथ अपने साथ जोड़ें ताकि पार्टी मजबूत हो सके। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है इसलिए हर कार्यकर्ता का सम्मान करना जरूरी है उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ताओं की समस्याओं को जानकर उनके समाधान अधिकारियों से मिलकर हर हालत में कराये। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से मंडल कोऑर्डिनेटर सरफराज राईन,जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह,जिला उपाध्यक्ष जीशान गाड़ा, विधानसभा प्रभारी वेदपाल सिंह विधानसभा प्रभारी मनीष कंबोज के अलावा सभी विधानसभा कमेटी एवं बूथ कमेटियों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दबंगों ने ऑटो चालक बीच सड़क पीटा

**चिलकाना।** नगर के बस स्टैंड पर ऑटो चालक युवक को गाली गलौच का विरोध करना उस समय भारी पड गया

मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गढी निवासी शाहरूख पुत्र कुर्बान ऑटो रिक्शा चलाकर अपना व परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि सोमवार दोपहर के समय जैसे ही वह अपना ऑटो लेकर सवारियों के इंतजार में बस स्टैंड चिलकाना पर रूका तभी कस्बा निवासी तीन आरा. ेपी युवकों अहतराम पुत्र सद्दू, अहतशाम पुत्र सद्दू एवं हाफिज ने पीड़ित के साथ गाली गलौच करना शुरू कर दिया जिसका विरोध करने पर आरोपियो ने उसे ऑटो से बाहर खींचकर सडक पर गिरा दिया और बुरी तरह मारपीट कर लहूलूहान कर दिया।

# तालीम सब पर फर्ज: मौलाना खुर्शीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में मोहर्रम माह की तीन तारीख को आयोजित एक मजलिस में मौलाना ने जनाबे हुर के दर्दनाक वाकयात बयान किए, जिन्हें सुनकर सोगवारो ने आंसू बहाते हुए जनाबे फातमा को उसके लाल का पुरसा पेश किया।

रविवार देर रात को मोहल्ला मजहर हसन स्थित बड़ी इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद खुर्शीद आलम ने बताया कि इल्म व जागरूकता के बिना कोई भी समाज मुर्दा हो जाता है। इसीलिए अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने सबसे ज्यादा जोर इल्म हासिल करने पर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे नबी ए अकरम की पूरी जिंदगी इंसानियत



की तालीम देने व समाज को जागरूक करने में गुजरी।

मर्सिया खानी तासीर हुसैन, जैनुल आबेदीन व नोहा खानी आजम, फैज, समर अब्बास, कमर अब्बास, बिलाल आदि ने की। सोगवार अली इमाम सदर, मूसा इमाम, शालू, तारीफ हुसैन, शहबाज, अब्बास, जाबिर, गाजी, चंदू, भोलू, जावेद, शानू, मिंटू, मुकर्रम, जमाल, अजदार, रईस हैदर, आलमदार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सऊदी अरब में युवक की संदिग्ध मौत

**अंबेहटा।** कस्बे के एक युवक की सऊदी अरब में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी से पीड़ित परिवार में कोहराम है।

नकुड कोतवाली अंतर्गत अबेहटा के मोहल्ला चौंक निवासी जमील का 24 वर्षीय बेटा जावेद पिछले आठ सालों से सऊदी अरब के रियाद शहर में रहकर काम करता था उसका बड़ा भाई अब्दुल मालिक सऊदी अरब में रहता है 11 महिने पहले जावेद अवकाश लेकर अबेहटा आया था। मृतक के पिता जमील ने बताया कि रविवार को जावेद के भाई अब्दुल मालिक ने सूचना दी कि जावेद का सुबह कमरा खोला गया तो उसका शव कमरे में पड़ा हुआ मिला है। जावेद की मौत कैसे हुई है इसकी जानकारी नहीं मिली है।शव को घर लाने के लिए कागजी कार्रवाई की जा रही है।

# मामूली जामुन विवाद में हिंसक झड़प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव सरदाहैडी में जामुन तोड़ने को लेकर बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बीते दिन बच्चों का झगड़ा बड़ों तक पहुंचा, जिसके बाद दोनों पक्षोंख्र धर्मेंद्र, मेघराज, सावन, अंशुल, ऋषिपाल, अश्वनी, रितिक और नाथीराम, सचिन, पिंकी, अमितख्रके बीच लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों के हमले में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिससे गांव में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्चों के बीच जामुन तोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद गंभीर हो गया, जब दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। फतेहपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि बच्चों के झगड़े ने दोनों पक्षों के बीच हिंसा को बढ़ावा दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल करवाया और दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त की है। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी। गांव में शांति के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई गई है। ग्रामीण शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

# श्री शिव कांवड़ सेवा समिति के प्रधान बने नरेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अंबेहटा।** सावन माह में नगर में लगने वाले शिव कांवड़ सेवा शिविर को लेकर मंदिर श्री राम चन्द्र जी महाराज में श्री शिव कांवड़ सेवा समिति का गठन किया गया।

समिति की बैठक में सर्वसम्मति से नरेश गोयल को प्रधान, उपप्रधान सोनू गुप्ता , महामंत्री राजू चौधरी, कोषाध्यक्ष मुकेश कश्यप, उपकोषाध्यक्ष पंकज खेडी, मंत्री मयंक कश्यप, सचिव वीर सिंह कश्यप को चुना गया नवनिर्वाचित प्रधान नरेश गोयल ने कहा कि नगर के लोगों ने मुझे कावड़ सेवा शि. विर की जिम्मेदारी दी है। उसका अच्छी तरह निर्वहन किया जाएगा समिति के सभी लोग भी अपनी जिम्मेदारी को



गंभीरता से लेंगे और कावड़ शिविर का सफलतापूर्वक आयोजित करने में महत्वपूर्णभूमिका निभाएंगे और इस बार छंह दिवसीय श्री शिव कांवड़ शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर के सभी हिंदू समाज के लोग शिव कावड़ सेवा शिविर बढ़ चढ़कर अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि कांवड शिविर के दौरान सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करें।

इस दौरान राकेश कश्यप,राजू रुहेला, मनोज वर्मा,अजय कश्यप, आनंद रघुवंशी, मोनू भटनागर, नितिन भटनागर आदि उपस्थित रहे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**सूचना**

मैने अपने पुत्र साहिल को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सलमा पत्नी अनवर निवासी गली नं.10, हयात कालोनी, खाताखेडी, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।**


# दुकानों में जा घुसा बारिश का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** मेन बाजार में बारिश का पानी दुकानों में घुसने से हजारों रुपए का नुकसान।

कस्बे में दो दिनों से रुक रुक के हो रही भारी बारिश होने से किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। लेकिन कस्बे के मेन बाजार में बारिश का पानी दुकानों में घुसने से दुक. ानदारों के मुसीबत का कारण बन गई है। कस्बे मेन बाजार और नजीर मार्किट के दुकानदार तुषार चौहान, राकेश सैनी,पंजाब सिंह, डॉक्टर मंदन सैनी, ऋषि पाल,जमील अहमद,विक्रम सैनी, पूर्व सभासद डॉ सुहैल प्रदीप राणा, यशपाल,आकाश, योगेश जैन आदि ने बताया कि पिछले दस-बारह सालों से दुकानों में पानी भरने की समस्या



से जूझ रहे हैं लेकिन नगर पंचायत द्वारा इसका कोई समाधान नहीं किया गया बारिश होने के बाद नालों का गंदा पानी दुकानों में घुस जाता। बीती रात भी दुकानों में पानी घुसने से खाद-बीज, बिजली, परचून का हजार रुपए का सामान पानी से खराब हो गया है। इस संबंध में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर से बात की तो उन्होंने बताया कि एक कर्मचारी को में बाजार भेजा गया था कि किसी को पानी भरने से समस्या ना हो पानी निकलवाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।


# कार्यालय नगर पंचायत अम्बेहटा, जनपद सहारनपुर

पत्रांक 181/2/न.पं.अ./निर्माण/निविदा सूचना/2025-26 | दिनांक, जून 30, 2025

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अम्बेहटा जनपद सहारनपुर नगर निधि/ राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत निम्न निर्माण / विकास कार्यों को सम्पादित कराना चाहती है. जिसके लिये दिनांक 11/07/2025 की दोपहर 2:00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन नगर पंचायत अम्बेहटा कार्यालय में सक्षम प्राधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता उपस्थित रह सकते है। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर दिनांक 10/07/2025 की सांय 4:00 बजे तक नगर पंचायत अम्बेहटा कार्यालय से क्रय किये जा सकते है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष प्राधिकारी में निहित है। कोई भी प्रतिबन्धित निविदा स्वीकार नही की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।

1-निविदा प्रपत्र के साथ 02% धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. / नकद के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अम्बेहटा के पदनाम से एक वर्ष तक बन्धक कराकर, जमा / संलग्न करना अनिवार्य होगा। विना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा, शेष 08% धरोहर धनराशि निविदा स्वीकृति के उपरान्त जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा बिल में से कटौती किया जायेगा।

2-निविदा स्वीकृति के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर प्रत्येक ठेकेदार / फमर्स को अंकन 10.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर, जो नोटरी द्वारा सत्यापित हो, हलफनामा / वचनपत्र देना होगा, तथा 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर निकाय की शर्तों के अनुसार अनुबंध करना होगा।

3-निर्माण/विकास कार्य में प्रयुक्त खनिज सामग्री का रायल्टी प्रपत्र / रवन्ना प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, इसके उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

4-यह निविदा सूचना निकाय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नम्बर 08 सफिया कालोनी में संजित की आढत से साजिद के मकान तक सी.सी. सडक व नाली निर्माण कार्य। | 1,82,000- | 3,650- | 180+GST | दो माह |
| 2. | वार्ड नम्बर 08 सफिया कालोनी में शादाब अंसारी के मकान से गय्यूर के प्लाट तक सी.सी. सडक व नाली निर्माण कार्य। | 2,64,900- | 5,300- | 270+GST | दो माह |
| 3. | वार्ड नम्बर 08 सफिया कालोनी में नसीम के मकान से सुलेमान के मकान तक सी.सी. सडक व नाली निर्माण कार्य। | 3,15,200- | 6,300- | 315+GST | दो माह |
| 4. | वार्ड नम्बर 08 सफिया कालोनी में ईदगाह से कब्रिस्तान की दीवार तक तक सी.सी. सडक व नाली निर्माण कार्य। | 3,43,400- | 7,000- | 350+GST | दो माह |
| 5. | वार्ड नम्बर 08 सफिया कालोनी में रिजवान के घेर से नसीम के मकान तक तक सी.सी. सडक व नाली निर्माण कार्य। | 4,13,700- | 8,300- | 415+GST | दो माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अम्बेहटा**
**सहारनपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अम्बेहटा**
**सहारनपुर।**

# ऑटो डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलटा

## चालक व दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नागल।** ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलटा जिसमें ऑटो चालक व दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ऑटो चालक तमरेज को हायर सेंटर रेफर किया गया।

रविवार देर रात कुतुबपुर कुसानी निवासी ऑटो चालक तमरेज पुत्र मुस्ताक अपने ऑटो संख्या यूपी 11 एटी 6282 में गागलहेड़ी से सवारियां भरकर नागल के लिए निकला था। जैसे ही वह सीडकी पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तो ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क किनारे पलट गया।



इसमें चालक समेत उसमें बैठी पठानपुरा देवबंद निवासी 35 वर्षीय उजमा पत्नी राशिद उसकी दस वर्षीय पुत्री समरा व नेचलगढ़ निवासी राक.ेश पुत्र लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद ऑटो चालक तमरेज को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# बारिश से हुआ मौसम खुशगवार, किसानों के खिले चेहरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मूसलाधार बारिश से मौसम खुशगवार हो गया जिससे उमस भरी गर्मी से लोगो को राहत मिली। वहीं बरसात के पानी से फसलो को लाभ पहुंचने से किसानो के चहरे खिले। बरसात के पानी की उचित निकासी नहीं होने के कारण नगर के निचले क्षेत्रो में जल भराव से दुकानो व मकानो में पानी भर जाने से लोगो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

रविवार की देर रात से जमकर हो रही बारिश सोमवार की दोपहर तक बरसी। जिससे उमस भरी गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिली और मौसम खुशगवार हो गया। लेकिन नगर में बरसाती पानी की उचित निकासी न होने के कारण नगर के निचली क्षेत्रो व सड़क में बने गडढ़ो में बरसाती पानी भर जाने से नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश रुकने के



घंटों बाद तक नगर के निचले क्षेत्र मोहल्ला बड़जियाउल्हक, दीवान, खानकाह, रैती चौक, रेलवे रोड, शाहजीलाल, रविदास मार्ग सहित अन्य मोहल्लों में बारिश का पानी सडकें पर भरा रहा। बरसाती बारिश से किसानो के चहरे खिल उठे। फारूक गौड, रिजवान गौड, प्रमोद कुमार, अनिल सिंह, मुशर्रफ उस्मानी, सय्यद मौहम्मद अथर, ऋभ त्यागी, आजम नंबरदार किसानो ने बताया कि इस बरसाती बारिश से फसलो को भारी लाभ पहुंचा है। जिससे इस वर्ष अच्छी फसल से छोटे किसानो को भी फायदा मिलेगा। नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से नगर में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। ताकि नगर वासियों को नगर में जल भराव से मुक्ति मिल सके।

# सवारियों से भरी ई-रिक्शा सड़क पर पलटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सड़क पर गड्ढे में भरा बारिश का पानी होने के कारण सवारियों से भरा ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिसमे तीन महिलाओं सहित पांच लोग मामुली रुप से चोटिल हो गए। गनीमत रहा कि किसी को कोई बड़ी चोट नहीं लगी।

नगर से स्टेशन जा रही सवारियो से भरी ई-रिक्शा स्टेशन के निकट बने द्वारा के पास सड़क पर बारिश के पानी की निकासी न होने के चलते गडढ़े में पहिया गिर जाने के चलते पलट गई। रिक्शा पलटते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के दुकानदारों सहित राहगिरों ने सवारियों



को रिक्शे से निकाला। हालांकि रिक्शा पलटने से उसमे सवार महिलाओं को ममुली चोटें लगी। गनीमत यह रहा कि किसी को ज्यादा चोट नहीं आई। देर रात से हो रही बारिश के चलते रेलवे रोड और उसके आसपास सुबह दस बजे तक होती रही बारिश के चलते दिनभर पानी सडक पर ही भरा रहा।

# सुहैल सिद्दीकी की माता को किया सुपुर्द-ए-खाक

**देवबन्द।** पूर्व पालिकाध्यक्ष स्वर्गीय मौलाना हसीब सिद्दीकी की पत्नी एवं मुस्लिम फंड ट्रस्ट के महाप्रबंधक सुहैल सिद्दीकी की माता अब्बासी का लंबी बिमारी के बाद इंतकाल हो जाने की सूचना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। देखते ही देखते उनके मौहल्ला शाहबुखारी स्थित आवास पर खिराज-ए-अकीदत पेश करने के लिए लोगो का तांतां लग गया।

मोहल्ला शाहबुखारी निवासी सुहैल सिद्दीकी की 85 वर्षीय माता अब्बासी पिछले लंबे समय से बीमार चल रही थीं। इंतकाल की खबर से उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। नमाज-ए-जनाजा के बाद उन्हें असगरिया मदरसा के समीप स्थित कब्रिस्तान में सुपूर्द-ए-खाक किया गया। उनके इंतकाल पर दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी, जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी, प्रसिद्ध शायर डॉ. नवाज देव.बंदी, पूर्व विधायक माविया अली, सपा नेता हैदर अली, आमिर उस्मानी, सीए अताउर्रहमान, सऊद उस्मानी, डॉ. एसए अजीज, सलीम कुरैशी, फहीम सिद्दीकी, सेठ कुलद.ीप कुमार, इस्राइल गौड, शाहनवाज सिद्दीकी उर्फ मुन्ना, सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, सपा प्रदेश सचिव शाहनवाज मलिक, आसिफ खान आदि गणमान्य लोगो ने दुख व्यक्त करते हुए उनके लिए दुआ-ए-मगफिरत की।

## आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत आपूर्ति हुई ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आकाशीय बिजली गिरने के कारण मोहल्ला पठानपुरा में रखा विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे कई मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।

रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि हुई मूसलाधार बारिश के बीच आक.ाशीय बिजली गिरने से मोहल्ला पठानपुरा में रखा 400केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। जिस कारण पठानपुरा दगड़ा समेत कई इलाकों के विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। अवर अभियंता विजय कुमार शर्मा ने बताया देवीय आपदा में एस्टीमेट बनाकर ट्रांसफार्मर को जल्द ही बदल करआपूर्ति को बहाल किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

# पालिका प्रशासन ने की साप्ताहिक बुध बाजार को भायला रोड पर लगाने की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्थानीय प्रशासन ने साप्ताहिक बुध बाजार को भायला रोड के दोनों ओर अस्थाई रुप से लगाने की घोषणा की है। श्री बालाजी धाम मंदिर के सामने मैदान में दशकों से लगने वाले बाजार को एक विवाद के कारण स्थगित कर दिया गया था। कई दुकानदार हाईकोर्ट पहुंचे थे। इसके बाद यह निर्णय लिया गया।

बता दें, कि 17 अप्रैल को श्री बालाजी धाम मंदिर के सामने कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें मंदिर का एक किशोर सेवादार घायल हो गया था। इसमें रिपोर्ट दर्ज हुई और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी। जिसके बाद कुछ हिंदू संगठनों ने वहां बाजार लगाने का विरोध किया था। परिणाम स्वरुप पालिका प्रशासन ने वहां बाजार लगना बंद कर दिया था। बुध बाजार में दुकान लगाने वाले बुद्धू समेत कई दुकानदार मामले में हाईकोर्ट गए थे। 17 जून को उच्च न्यायालय ने पालि.का के अधिकारी को तलब करते हुए मामले का निराकरण करने के आदेश दिए थे। सोमवार को पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने बताया कि साप्ताहिक बाजार को भायला रोड के दोनों और अस्थाई रुप से भरवाया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत बुधवार के बजाए अब साप्ताहिक बाजार रविवार को लगाया जाएगा। दुकानदारों के लिए सार्वजनिक सूचना भी जारी कर दी गई है। इसके बाद पालिका जल्द ही भूमि तलाश कर वहां स्थाई रुप से पैठ बाजार लगवाएगा। विपिन गर्ग ने कहा हमने दुकानदारों और स्थानीय निवा.सियों की भलाई के लिए यह निर्णय लिया है। भायला रोड पर बाजार लगाने से न केवल दुकानदारों को नई जगह मिलेगी, बल्कि यह स्थानीय निवासियों के लिए भी सुविधाजनक होगा।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** 11 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सोमवार को एसडीएम युवराज सिंह ने भायला मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कांवड़ मार्ग में पडने वाली शराब की दुकानों के बाहर पर्दे लगाने के निर्देश दिए। वहीं, नगरपालिका की टीम ने स्टेट हाईवे और मंगलौर रोड का निरीक्षण किया और व्यापारियों को चेतावनी दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अतिक्रमण न होने दें।

**एक नजर**

## ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ शिकायत पर सीएम कार्यालय ने मांगी डीएम से आख्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ब्लॉक प्रमुख व उनके पति पर करोड़ों रुपयों की कीमत के पेड़ अवैध रूप से कटवाने एवं सरकारी संपत्ति कब्जाने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र पर जिलाधिकारी सहारनपुर को 11 जुलाई तक जांच पूर्ण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव घलौली निवासी भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता सुशील कुमार ने बीती 9 जून को ब्लॉक प्रमुख ममता त्यागी व उनके पति विजय त्यागी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने सरकारी तालाब पर कब्जा कर आवास बनवाने, गांव जालखेड़ी स्थित शमशान की भूमि पर खड़े करीब दो करोड़ रुपये कीमत के 800 पेड़ अवैध रूप से कटवाने, सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए मरघट की संपत्ति पर तालाब की खुदाई कराने के आरोप लगाए थे। शिकायत पत्र का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के अनु सचिव अरविंद सिंह ने डीएम सहारनपुर को जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही 11 जुलाई तक आख्या प्रस्तुत करने को आदेशित किया है। वहीं, इस मामले में ब्लॉक प्रमुख पति विजय त्यागी का कहना है कि सभी आरोप बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित हैं। तालाब की भूमि पर अमृत सरोवर तैयार कर उसका सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। जबकि मरघट की भूमि पर चारदीवारी और सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। ब्लाक प्रमुख पति विजय कुमार ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि तालाब की भूमि पर अमृत सरोवर तैयार कर उसका सुंदरीकरण किया जा रहा है। मरघट की भूमि पर चाहरदीवारी और सुंदरीकरण का कार्य हो रहा है।

## विवाहिता को निकालने के आरोप में चार पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में दो लाख व बाइक की मांग पूरी न होने पर और विवाहिता के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी तीन तलाक की धमकी देने के आरोप में पीडिघ्ता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर चमरावाला निवासी एक विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पति फरमान अक्सर दूसरी महिलाओं से फोन पर बातें करता है और जब वह विरोध करती है तो उसे गाली-गलौज कर बुरी तरह मारता-पीटता है।

# दो युवकों पर जानलेवा हमला

**शामली।** देर रात्रि झिंझाना क्षेत्र के गांव टपराना निवासी दो युवकों पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

झिंझाना क्षेत्र के गांव टपराना निवासी समरयाब पुत्र शराफत व हैदर पुत्र हारून गत रविवार देर रात्रि बाईक पर सवार होकर किसी कार्य से बुघ्द्धपुरा गए थे। बताया जाता है कि जब वह अपने गांव वापस लौट रहे थे तो बुद्धपुरा निवासी सुलेमान व इरफान ने उनकी बाईक को रोक लिया और अकारण गाली गलौच करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उन्होने झिंझाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। घायल युवकों ने बताया कि हमलावरों ने अकारण मारपीट की और पुलिस को तमंचा लेकर आने की झूठी सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रोपर्टी डीलर के साथ मारपीट, कार में तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित गोल चक्कर के निकट अज्ञात लोगों ने कार सवार प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट कर दी। बाद में बदमाशों ने कार में भी तोड़फोड़ कर दी। डीलर को घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कस्बा निवासी मोनू पुत्र लख्मीचंद ने बताया कि उसका बड़ा भाई सोपाल सरोहा रविवार की रात कार द्वारा अपने एक दोस्त को गांव टिटौली छोड़कर वापस आ रहा था। जैसे ही वह गोल चक्कर के निकट पहुंचा तो पहले से कुछ युवक आपस में झगड़ रहे थे, जिस कारण जगह न होने के कारण रुक गया। झगड़ा करने वाले युवकों ने सोचा कि वह भी उसका साथी है। सभी बदमाश प्रॉपर्टी डीलर सोपाल के ऊपर टूट पड़े तथा मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। बाद में हमलावरों ने कार के सभी शीशे तोड़ डालें तथा फरार हो गए। परिजनों को घटना की सूचना मिली तथा उन्होंने घायल प्रॉपर्टी डीलर सोपाल को सीएचसी ऊन में भर्ती कराया, जहां से उसे फायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल के भाई ने मोनू ने कहा कि भाई के होश में आने के बाद पुलिस कार्यवाही की जाएगी।

## श्री मद् भागवत कथा 3 जुलाई से प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरपुर पट्टी स्थित मनोकामना कुटी चरण दासी संत समागम श्री श्री 108 रामदास बाबा जी के स्थान पर आगामी 3 जुलाई से श्री मद् भागवत कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 3 जुलाई (वृहस्पतिवार) से प्रारंभ होकर 9 जुलाई (बुधवार) तक चलेगा। कथा का समापन 10 जुलाई को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन की जानकारी पुजारी श्री हरिदास बाबा द्वारा दी गई। कथा स्थल को भव्य रूप से सजाने की तैयारियां चल रही हैं। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

## वो दामन आप के आगे पसारा या रसूल अल्लाह: सरवर



**देवबन्द।** अदबी संस्था जहान-ए-अदब के बैनर तले मुहर्रम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन की याद में मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें शायरों ने नातिया कलाम पेश किया। सोमवार को हुए मुशायरे की शुरुआत सरवर देवबंदी की नात-ए-पाक से हुआ। शायर तनवीर अजमल ने पढ़ा..तड़प शदीद है दिल में शहीद होने की, हमारे खून में अब तक असर हुसैन का है। सरवर उस्मानी ने नातिया कलाम सुनाते हुए कहा..रहा जो बेनियाज-ए-बखशिशे अहले करम सरवर, वो दामन आप के आगे पसारा या रसूल अल्लाह। शमीम किरतपुरी ने पढ़ा..नजराना अकीदत पेश किया, सब कुछ लूटा के राहें खुदा में हुसैन ने, रोशन चरागे दीन रखा कायनात में। दिलशाद खुशतर ने कहा..झुक सका न यजीद के आगे, हां वही सर मेरे हुसैन का है। जकी अंजुम सिद्दीकी ने पढ़ा..जिसमें सरकार के गुंबद का छपा था फोटो, हमने उस उर्दू के अखबार से बातें कर लीं। इनके अलावा सय्यद कमरुज्जमा कमर, सईद अहमद डॉ. काशिफ, नदीम अनवर, जाहिद दिलबर, जमालुद्दीन नय्यर ने भी कलाम पेश किया। अध्यक्षता कमरुज्जमा कमर व संचालन तनवीर ने किया।

### ब्राह्मण शक्ति संघ की कार्यकारिणी ने ली शपथ

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा चन्दौसी तत्वाधान में सोमवार को स्टेशन रोड स्थित एबीसी मॉन्टेसरी स्कूल में ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी नगर कार्यकारणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया जिसका शुभारंभ सभा संरक्षिका संगीता भार्गव, विशिष्ट अतिथि संरक्षक मंडल सदस्य शालिनी शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। नई कार्यकारणी सदस्यों और उपस्थित अन्य सदस्यों ने अपना-अपना परिचय देते हुए अपने कार्यक्षेत्र के बारे में बताया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम संयोजिका रंजना शर्मा द्वारा ब्राह्मण महिला सभा की 2025 की नवनिर्वाचित अध्यक्ष उर्मिला शर्मा का जीवन परिचय देते हुए उनकी उपलब्धियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने जीवन में संघर्षों से जूझते हुए समाज के निर्बल और असहाय मनुष्यों की सहायता की।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कसी कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू की हुई है। नगर पालिका द्वारा कांवड मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों से लेकर, पथ प्रकाश की व्यवस्था की तैयरिया शुरू कर दी गई है। वही कांवड मार्ग पर पडने वाले घास फूस को हटाते हुए साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है।

आगामी 11 जुलाई से शुरू हो रही कांवड यात्रा को लेकर नगर पालिका द्वारा अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया गया। नगर पालिका इस बार 30 सीसीटीवी कैमरों के अलावा 50 अतिरिक्त कैमरे लगाने जा रहा रही है, जिस कारण कांवड मार्ग पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरों



की निगरानी में रहेगा। चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि कांवड को लेकर पथ प्रकाश की व्यावस्था के लिए टेंडर छोडा जा रहा है। कांवड मार्ग की जेसीबी मशीन से साफ सफाई कराई जा रही है। सोमवार को नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा एसटी तिराहा से लेकर गुरूद्वारा फाटक तक युद्ध स्तर पर कांवड मार्ग पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 25 सफाई कर्मचारियों और जेसीबी मशीन को लेकर सफाई कार्य कराया गाय है। नगर पालिका कांवड मार्ग को समतल करने के लिए मिटटी डाली जाएगी। एक ट्रेफिक गाडी लगातार घूमेगी ताकि कांवड मार्ग पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके। कांवड यात्रा के दौरान पूरे कांवड मार्ग को लाईटों से सजाया जाएगा। कांवड यात्रा पर लगने वाले कैमरों का कंट्रोल रूम शहर कोतवाली में होगा।

## कांवड़ियों के आने का सिलसिला शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सावन मास को लेकर जिला प्रशासन ने कांवड यात्रा को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। आगामी 11 जुलाई से लेकर 24 जुलाई सावन मास की शिवरात्रि तक कांवड यात्रा चलेगे। इस दौरान भगवान शिव के भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने अपने शिवालयों की ओर कांवड यात्रा पर निकल पडेगे। सावन मास को लेकर अब हरिद्वार से कांवड लेकर आने वाले शिवभक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को हरियाणा के चरखी दादरी निवासी रोहित, मनीष, विक्रम, संजीत 21 लीटर गंगाजल कलश में लेकर कांवड पद यात्रा लेकर शामली पहुंचे। रोहित ने बताया कि 27 जून को उन्होने हरिद्वार से गंगाजल उठाया था और वह शिवरात्रि पर हरियाणा के सागवान धाम पर जाकर जलाभिषेक करेगे। शिवभक्त मनीष ने यह उनकी पहली कांवड है। उन्होने भगवान भोलेनाथ से विश्व कल्याण की प्रार्थना है। कांवड लाकर उनके बेहतर आनंद आ रहा है और किसी प्रकार की कोई थकान महसूस नही हो रही है। शिवभक्त हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए अपने गणत्वय की ओर बढते चले गए।



# एसपी ट्रैफिक के आदेश पर टीएसआई के तेवर सख्त

## कई सरकारी बसों का चालान कर वाहन चालकों को किया यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एसएसपी के आदेश से जनपद में चलाए जा रहे मिशन रोड सेफ्टी जीवन रक्षा अभियान के तहत आज एसपी ट्रैफिक के आदेश आने के बाद टीएसआई जयप्रकाश सिंह के तेवर सख्त हो गए वह अपनी टीम के साथ पुराने बस अड्डे पहुंचे और वहां बसों को खड़ा करने वाले चालकों का चालान काट दिया। बताया गया कि करीब आधा दर्जन से ज्यादा बस कार्रवाई का शिकार हुई इसके बाद उन्होंने लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी ठेले वालों को अपनी हद में रहने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर सड़क किनारे ठेला खड़ा करने से जाम लगता है यदि ठेले वाले अपनी इस आदत से बाज नहीं आए तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी लाउडस्पीकर की आवाज



सुनकर ठेले वाले सकते में आ गए और उन्होंने अपने-अपने ठेले पीछे हटा लिए। इसके बाद उन्होंने कार बाइक मैजिक एवं अन्य वाहन चाल.कों को रोक कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर टीएसआई जेपी सिंह हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह होमगार्ड हरिओम सिंह एवं कुवर सिंह मौजूद रहे।

## सड़क व नाला निर्माण में लापरवाही

**शामली।** सोमवार को शहर के पंजाबी कालोनी निवासी दर्जनों नागरिकों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे सडक व नाला निर्माण में घोर लाप.रवाही बरते जाने का आरोप लगाया है। सोमवार को शहर के पंजाबी कालोनी निवासी दर्जनों नागरिक डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पालिका की घोर लापरवाही और राजस्व हो हानि पहुंचाने की नियत से सडक और नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त कार्य मानक के अनुसार नही हो रहा है। जिसकी शिकायत कालोनी वासियों द्वारा लिखित में की जा चुकी है। फाटक तक का पानी आकर पंजाबी कालोनी में भर जाता है। उन्होने जल निकासी की समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस अवसर पर राकेश कुमार, उमेश आहुजा, सुमित आहुजा, बंटी कपूर, राकेश कुमार, रमन, सतेन्द्र, आशीष आदि मौजूद रहे।



शामली। सड़क व नाला निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए क्षेत्रवासी। छाया शाह टाइम्स



# एजबेस्टन में भारत को पहली जीत दिला पाएंगे शुभमन गिल!

● **टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा, 2 जुलाई से दूसरा मैच**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ रहा है। टीम को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा।

यह मुकाबला 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। एजबेस्टन मैदान पर भारत 58 साल में टेस्ट नहीं जीता, 39 साल पहले ड्रा खेला था भारतीय टीम ने एजबेस्टन मैदान पर पहला मैच 58 साल पहले 1967 में खेला था। 13 जुलाई से 15 जुलाई तक खेले इस गए मुकाबले में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 132 रनों की हार झेलनी पड़ी थी।

तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट मैच खेले, लेकिन किसी भी मैच में जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 को एक ड्रा मैच खेला था। 3 से 8 जुलाई तक चले इस मुकाबले में मो. हिंदर अमरनाथ (79 रन), मोहम्मद अजहर (64 रन) और सुनील गावस्कर (54 रन) ने अर्द्धशतकीय पारियां खेलकर मैच ड्रा कराया था। इस मैच की कप्तानी कपिल देव कर रहे थे। कोहली टॉप स्कोरर, चेतन शर्मा को सबसे ज्यादा विकेट वर्तमान भारतीय टीम में ऋषभ पंत इकलौते खिलाड़ी हैं, जो एजबेस्टन मैदान पर भारत के टॉप प्लेयर्स की सूची में शामिल हैं। यहां के टॉप स्कोरर्स की सूची में विराट कोहली पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 4 पारियों में 57.75 के एवरेज से 231 रन बनाए हैं।

इनमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल है। प्लेयर्स की इस सूची में सुनील गावस्कर, ऋषभ पंत, सचिन तेंदुलकर और गुंडप्पा विश्वनाथ जैसे नाम हैं। टॉप 5 विकेट टेकर्स में शामिल कोई भी गेंदबाज इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। यहां चेतन शर्मा ने 10 विकेट झटके हैं। इस सूची में ईएएस प्रसन्ना, आर अश्विन, कपिल देव और ईशांत शर्मा के नाम हैं। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज किया इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा रन चेज इसी मैदान पर किया था।



## जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी पड़ ना जाए भारी

● **भारत बनाम इंग्लैंडः 2024 से सिराज को नहीं मिला पांच विकेट हॉल, कुलदीप पर नजरें**

**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हार चुकी भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में वापसी करना चाहेगी। दूसरा मैच एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। लीड्स टेस्ट में बुमराह ने 14वीं बार पांच विकेट हाल लेकर इंग्लैंड पर काफी हद तक दबाव बनाया था लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों का साथ नहीं मिला। मोहम्मद सिराज प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर पाए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा महंगे साबित हुए। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला दो जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में अगर बुमराह को आराम मिलता है, तो तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्व की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज पर होगी। हालांकि, सिराज फार्म से बाहर चल रहे हैं। 2024 से उन्होंने टेस्ट 19 पारियों में 28 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि, उन्हें एक बार भी पांच विकेट हॉल नहीं मिला है। इस दौरान सिराज का औसत 37.5 का रहा है। वहीं, एजबेस्टन में उनके रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो उन्होंने सिर्फ एक मुकाबला खेला है। 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में सिराज को पहली पारी में चार विकेट मिले थे। हालांकि, दूसरी पारी में उनके हाथ खाली रहे। लीड्स टेस्ट में 31 वर्षीय गेंदबाज को सिर्फ दो विकेट मिले और उन्होंने 173 रन लुटाए थे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 200 से ज्यादा रन खर्च किए, जिसका असर मैच के नतीजे पर पड़ा। अब अगर बुमराह आगामी मुकाबले में नहीं खेलेंगे तो सिराज, प्रसिद्ध और शार्दुल पर सभी की नजरें रहेंगी। आमतौर पर एजबेस्टन की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए लाभदायी होती है। यही वजह है कि माइकल क्लार्क और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे दिग्गजों ने कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 में शामिल करने पर जोर दिया है। दोनों को पिच के सूखे रहने की उम्मीद है। क्लार्क ने बियान्ड23 पाडकास्ट में कहा कि गेंदबाजी के लिहाज से मैं किसी एक खिलाड़ी पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल आसान है। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है। वहीं, अजहरुद्दीन ने कहा कि वे बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह आसान नहीं है क्योंकि आपको अधिक अनुभवी गेंदबाजों की जरूरत है और उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। भारत के लिए 2017 में टेस्ट डेब्यू करने वाले कुलदीप अब तक 13 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 3.55 की इकोनामी से गेंदबाजी करते हुए 56 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड में उन्होंने अबतक सिर्फ एक मैच खेला है, वो भी लाड्र्स में।

## पीसीबी ने अजहर महमूद को टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच किया नियुक्त



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर महमूद को पुरुष टेस्ट टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी की ओर से अजहर की नियुक्ति को लेकर जारी बयान में कहा है कि अजहर महमूद ने शानदार अनुभव के साथ राष्ट्रीय टीम के सहायक मुख्य कोच की भूमिका को संभाला है।

वह लंबे समय से टीम के रणनीतिक कोर का अहम हिस्सा रहे हैं। क्रिकेट के बारे में उनका गहरा ज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी सर्किट में सफलता हासिल करना उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाता है।

उन्होंने कहा कि अजहर अपने मौजूदा अनुबंध के समापन, अगले टेस्ट मैचों, अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर और दिसंबर-जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने मैचों तक अपने पद पर बने रहेंगे। अजहर को 2024 की शुरुआत में पाकिस्तान के न्यूजीलैंड के सफेद गेंद दौरे से पहले अंतरिम आधार पर नियुक्त किए जाने के बाद से राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच थे। 50 वर्षीय पूर्व ऑलराउंडर ने 20 साल की उम्र में क्रिकेट में पर्दापण किया था। उन्होंने 143 एकदिवसीय और 21 टेस्ट में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।

# आयुष शेट्टी ने जीता यूएस ओपन का खिताब

● **आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग पर लगातार तीसरी जीत है**




**आयोवा, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को पुरुष एकल में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया। काउंसिल ब्लफ्स में रविवार को खेले गये मुकाबले में विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज ब्रायन यांग को 47 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया।

यह आयुष शेट्टी की ब्रायन यांग के खिलाफ लगातार तीसरी जीत है। यह 2025 में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी की पहली खिताबी जीत है। खिताब जीतने के बाद 20 वर्षीय शेट्टी ने कहा कि यह बहुत मायने रखता है कि सीनियर सर्किट में मेरा यह पहला खिताब है। इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं। मैंने यहां बेहत. रीन बैडमिंटन खेला और मैं अगले सप्ताह कनाडा ओपन का इंतजार कर रहा हूं। वहीं महिला एकल वर्ग के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा, अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन बेइवेन झांग के हार गईं। पहला मैच हारने के बाद तन्वी शर्मा ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए गेम को तीसरे मैच तक ले जाने में सफल रहीं। हालांकि भारतीय शटलर आखिरी मैच हार गई। रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज बेइवेन झांग ने तन्वी को 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 16-21, 21-10 से मात दी। हार के बावजूद तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनकर इतिहास रच दिया।

### खेल विशेष

## स्पेन, नीदरलैंड ने जीता फीबा 3 गुणा 3 विश्व कप का खिताब

**उलानबटोर, वार्ता।** स्पेन और नीदरलैंड की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गुणा 3 बॉस्केटबॉल विश्वकप (फीबा) 2025 में पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते हैं। मंगोलिया की 3 गुणा 3 बास्केटबॉल एसोसिएशन के अनुसार रविवार को खेले गये पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में स्पेन की टीम ने स्विट्जरलैंड को 21-17 से हराया। वहीं महिला वर्ग में नीदरलैंड ने मेजबान मंगो. लिया को 15-9 से शिकस्त दी। पुरुषों के कांस्य पदक मुकाबले में सार्बिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 21-16 से हराया। महिला वर्ग में कनाडा ने पोलैंड को 21-9 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## अंकुर, तनीषा की मिश्रित जोड़ी ने जीता टीटी एशियाई युवा चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**ताशकंद, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अंकुर भट्टाचार्जी और तनीषा कोटेचा भारतीय जोड़ी को टेबल टेनिस अंडर-19 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गॉन और पार्क गाहियोन की जोड़ी से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, ताशकंद के हुमो एरीना में खेले गए मैच में भारतीय जोड़ी ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन कड़े मुकाबले में 2-3 से हार गई। कोरियाई जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों पर 11-9, 8-11, 11-7, 3-11, 11-3 से जीत दर्ज की। अंकुर और तनीषा की जोड़ी ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और दक्षिण कोरियाई जोड़ी को निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया।

## इंग्लैंड के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम

● **दूसरे टी-20 में होगी हरमनप्रीत कौर की वापसी ब्रिस्टल में आज शुरू होगा दूसरा मुकाबला**

**ब्रिस्टल, वार्ता।** भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड से पांच मैचों की टी-20 सीरीज में सामना हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में भारत ने इंग्लैंड को पहले टी-20 मैच में 97 रनों से हराया था। अब टीम की नजर दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करने पर होगी।

ब्रिस्टल में मंगलवार को दूसरा मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा, जिसमें हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद है। पहले मुकाबले में उनकी जगह स्मृति मंधना ने टीम की कमान संभाली थी। नाटिंघम में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में मंधना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।

मंधना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबा. जों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। भारतीय खिलाड़ियों को बंगलुरू में लंबे शिविर के बाद इंग्लैंड में जल्दी पहुंचने और कुछ अभ्यास मैचों में खेलने से लय हासिल करने में मदद मिली और पहले मैच में उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया।

# छह वर्षीय तेगबीर सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह की, बनाया विश्व रिकॉर्ड

● **तेगबीर सिंह ने 20 जून को माउंट एलब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी**



**रूपनगर, वार्ता।** पंजाब में रूपनगर शहर के रहने वाले तेगबीर सिंह ने रूस में स्थित माउंट एल्ब्रस पर 18510 फुट (5642 मीटर) से अधिक की ऊंची चोटी फतह करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। तेगबीर ने 20 जून को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए यात्रा शुरू की और 28 जून को चोटी फतह कर ली थी।

इसी के साथ छह साल और नौ महीने के तेगबीर सिंह माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोह बन गया है। उल्लेखनीय है कि माउंट एल्ब्रस कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्र है और यहां का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहता है तथा चढ़ाई के दौरान कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। रूस के पर्वतारोहण, रॉक क्लाइलम्बग और स्पोर्ट्स टूरिज्म फेडरेशन ऑफ काबर्डिनो बाल्केरियन रिपब्लिक ने माउंट एल्ब्रस फतह करने वाले तेगबीर को पर्वतारोहण प्रमाणपत्र जारी किया। प्रमाणपत्र में लिखा है कि यह प्रमाणित किया जाता है कि भारत के छह साल नौ महीने और चार दिन की उम्र में तेग. बीर सिंह माउंट एल्ब्रस पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं। इसी के साथ तेगबीर ने पिछले साल सात वर्ष और तीन महीने की उम्र में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले वाघा कुशाग्र (महाराष्ट्र, भारत के मूल निवासी) के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2024 में वह माउंट किलिमंजारो (अफीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी) पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के एशियाई बन गए थे और उनका नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। वह अप्रैल 2024 में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप (नेपाल) भी पहुंचे थे। चोटी फतह करने वाले तेगबीर सिंह ने कहा कि मुझे पता था कि मुझे कहां पहुंचना है और आखिरकार मैं पहुच गया और वहाँ अपने पिता के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। रोपड़ के शिवालिक पब्लिक स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र ने कहा मैं पहली बार बर्फ पर चल रहा था, मेरे जूते भारी थे, लेकिन मैंने इसका अभ्यास किया था।

# 600 में जूनियर आर्टिस्ट से टीम इंडिया तक का सफर

**भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट और म्यूजिशियन बनने की कोशिश भी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वरुण चक्रवर्ती का करियर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उन्होंने हाल ही में रविचंद्रन अश्विन के यूटयूब शो 'कुट्टी स्टोरीज विद ऐश' में अपने करियर के बारे में बताया।

क्रिकेट के मैदान पर सफलता पाने से पहले वरुण ने बतौर आर्किटेक्ट, म्यूजिशियन, फिल्मकार, और जूनियर आर्टिस्ट काम किया। उन्होंने कहा कि मैंने आर्किटेक्ट, म्यूजि. शियन बनने की कोशिश भी की। जूनियर आर्टिस्ट में 600 रुपए हर दिन मिलते थे। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वरुण को टीम से बाहर कर दिया था, लेकिन फिर 33 साल के इस खिलाड़ी ने दुबई में हुए टूर्नामेंट में 9 विकेट लेकर भारत को चैंपियन बनाया। वरुण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेकेंड टॉप विकेट टेकर थे। आर्किटेक्ट की नौकरी वरुण ने बताया कि कालेज के बाद उन्होंने एक आर्किटेक्चरल कंपनी में डेढ़ साल तक असिस्टेंट आर्किटेक्ट के तौर पर काम किया। शुरुआत में सैलरी 14,000 थी, बाद में 18,000 हो गई। लेकिन ऑफिस में बैठना मेरे लिए संभव नहीं था।

आर्किटेक्चर छोड़ने के बाद वरुण ने कुछ समय गिटार बजाने और संगीत में करियर बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मैं एक घंटे से ज्यादा गिटार प्रैक्टिस ही नहीं कर पाता था। 6-8 महीने में समझ आ गया कि अगर आपका मकसद सिर्फ दूसरों को इम्प्रेस करना है, तो कोई भी कला नहीं चलेगी। वरुण ने फिर इंटीरियर डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का बिजनेस शुरू किया। उन्होंने कहा, एक साल सब ठीक चला, लेकिन फिर साइक्लोन वरदा आया और मेरी सारी कमाई बहा ले गया। जूनियर आर्टिस्ट बने, 600 हर दिन मिलते थे वरुण का बिजनेस जब नहीं चला तो वे अपने दोस्तों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में गए, जहां उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर बनने की कोशिश की। वहां जब एक डायरेक्टर ने उनसे पूछा, क्रिकेट खेलते हो? तब उन्होंने कहा, सिर्फ टेनिस-बाल क्रिकेट। इसके बाद उन्हें एक फिल्म में जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर साइन किया गया।

मुझे 600 प्रतिदिन मिलते थे, उस वक्त ये काफी था। वरुण ने कुछ शार्ट फिल्में भी लिखीं और डायरेक्ट कीं, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि वह इमोशंस तो पकड़ पाते हैं, लेकिन उसे स्क्रीनप्ले में ढालना मुश्किल होता है। उन्होंने इस पर कहा, 20 दिन तक शूट चला, मुझे मजा आया। फिर मैंने कुछ स्क्रिप्ट्स लिखीं, लेकिन उन्हें पिच नहीं कर पाया। साल 2014 में वरुण ने तमिल फिल्म जीवा में काम किया। ये फिल्म एक ऐसे क्रिकेटर की कहानी थी, जो पूरी तरह से नाकाम था। टेनिस बाल से टीम इंडिया तक टेनिस-बाल क्रिकेट खेलने वाले वरुण ने बाद में अपने क्रिकेट करियर पर ध्यान दिया। उन्हें लोकल टूर्नामेंट में उनकी मिस्ट्री स्पिन से पहचान मिली। बाद में उन्हें आईपीएल में कोलकाता नाईट राइडर्स ने खरीदा। यहीं से उन्हें पहचान मिली। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में वरुण का सिलेक्शन हुआ लेकिन वे टीम के लिए कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद उन्हें टीम से निकाल दिया गया। फरवरी में उनकी इंग्लैंड सीरीज में वापसी हुई। जिसमें उन्होंने शानदार परफार्म किया।




## सेना इलेवन ने जीती ऑपरेशन सिंदूर कप की ट्रॉफी

**कानपुर, वार्ता।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारी बारिश बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर क्रिकेट कप मैच में सेना इलेवन ने सांसद इलेवन को नौ विकेट से हराकर कप अपने नाम किया। टीम की ओर से पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 54 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। सांसद रमेश अवस्थी की ओर से आयोजित ऑपरेशन सिंदूर कप के मैच में टॉस जीतकर सांसद इलेवन ने बैटिंग करने का फैसला लिया। कुल 12 ओवर में आठ विकेट पर सांसद इलेवन ने 95 रनों का स्कोर खड़ा किया। सांसद इलेवन की ओर से मनोज तिवारी और बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा पारी की शुरूआत करने उतरे। दोनों ने 3.4 ओवर में 40 रनों की साझेदारी की। इस बीच उन्नाव डीएम गौरांग राठी ने मनोज तिवारी को सुधीर कुमार के हाथों कैच करा दिया। मनोज ने 12 गेंदों में दो चौके व तीन छक्कों के दम पर 30 रन बनाए। सेना इलेवन से मनीष सोनकर ने चार, गौरांग राठी ने दो और एक विकेट आशुतोष ने चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेना एकादश के कप्तान ब्रिगेडियर शब्बरुल हसन और पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। अखिल कुमार ने गौरांग राठी के साथ 10.1 ओवर में 99 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दिलाई।

# छपार क्षेत्र में दर्दनाक हादसा, चार श्रद्धालुओं की मौत, एक गंभीर

## गुजरात से केदारनाथ भोलेनाथ के दर्शन करने जा रहे थे पांच दोस्त, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार की दोपहर बाद पानीपत खटीमा मार्ग पुल छपार क्षेत्र में गुजरात के रहने वाले चार दोस्तों की हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गाडी चला रहा चालक जिला अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जुझ रहा है। पांचों दोस्त केदारनाथ जा रहे थे सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पुल के नीचे खेत में भरे पानी में खून से लथपथ अवस्था में पडे सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया जबकि चालक की हालत गंभीर बताई। पुलिस ने बरामद हुए मोबाइल नम्बर व गाडी के नम्बर के आधार पर मृतक व घायल की जानकारी करते हुए परिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने चारों शवों को मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के परिजनों का कहना है कि पांचों दोस्त भोलेनाथ के दर्शन करने जा रहे थे जहां हादसा हो गया। बताया जाता है कि चालक कों नींद की झपकी आने पर पुल से नीचे श्रद्धालुओं की कार गिर गई। पांचों दोस्त गुजरात से केदारनाथ के लिए चले थे। देर शाम वह सभी कार में हरियाणा की तरफ से मुजफ्फरनगर के छपार क्षेत्र से होते हुए जा रहे थे। जब उनकी कार खटीमा हाईवे पर सिसौना के पास बागोवाली पुलिया के रजबहे के निकट पहुंची तो अचानक कार का संतुलन बिगड गया।

कार सडक से 25 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे को राहगीरों ने देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। छपार थाना पुलिस ने पहुंच कर राहगीरों की मदद से कार में फंसे पांच युवकों को कार की खिडकी तोड कर बामुश्किल बाहर निकाला। सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने चार युवकों गुजरात के सरगासन निवासी भरत व कर्ण, तारापुर निवासी विपुल व अमित को मृत घोषित कर दिया। घायल तारापुर गांधीनगर निवासी जीगर को उपचार दिलाया जा रहा है। थाना पुलिस ने बताया कि मृतक व घायल सभी युवकों की आयु 24 से 25 वर्ष है। उनके परिजनों को सूचना दी है। परिजनों के आने पर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि हादसे में चार युवकों की मौत हुई है। घटना दुखरूद है।



**हादसे से पहले फोटो में चारों मृतक व घायल साथी।**

### जीगर चला रहा था कार

घायल जीगर ने बताया कि वह कार चला रहा था। उसके अलावा अमित कार चलाता था। कार का मालिक कर्ण है। भरत व कर्ण डीजे बजाने का काम करते थे। विपुल उनका दोस्त था। वह फिलहाल कुछ काम नही कर रहा था। नींद की झपकी आने पर हादसा हो गया। परिजनों का कहना है इनमे कुछ दोस्त कार चलाते थे जबकि कुछ लोग कार चलाने के साथ डीजे बजाने का भी काम करते थे इस खबर ने सभी के परिवार को रोने पर मजबूर कर दिया। इस समय मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।




## रामा साईकिल स्टोर में आग से लाखों का नुकसान

### भयंकर आग में कीमती पार्ट्स भी जले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के रूडकी रोड स्थित आनंद भवन में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक ही आग की लपटे उठने लगी। सूचना के बाद दमकल विभाग व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल विभाग का मानना है कि शॉर्ट सर्किट होने से घटना हुई है।

बताया जाता है कि सवेरे के समय लोग टहलने के लिए निकले थे तभी उन्होने दुकान के अंदर से धुंआ और लपटे निकलती देखी तुरंत ही इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई जिसके बाद फायर बिग्रेड की गाडी तुरंत ही मौके पर पहुंची ओर आग बुझाने कार्य शुरू किया। इस समय यहां दुकान मालिक व आसपास के लोगों की भीड इकट्ठा हो गई थी। आग की लपटे इतनी भयंकर थी कि वह बाहर ही नहीं दीवार चीरने का प्रयास कर रही थी। दमकल विभाग के कर्मी करीब दो घंटे से आग से लडते रहे और काफी देर बाद उन्होने आग पर काबू पाया। लोगों का कहना है कि राम साईकिल स्टोर के मालिक ने जानकारी दी कि लाखों रूपये का सामान आग में जलकर खाक हो गया है।

कारोबारी का कहना है कि इस आग में साईकिले, स्पेयर पार्ट का सामान और अन्य कीमती भी उपकरण भी जल कर खाक हो गए है। इस समय कोई भी व्यक्ति दुकान के अंदर नहीं था वरना जन हानि भी हो सकती थी। उधर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दुकान भीड वाले इलाके में देखकर जांच के आदेश दिए है। बताया जाता है कि यदि जल्द ही इस ओर लोगों की नजर न पडती तो शायद भारी नुकसान हो सकता था।

## तेज बारिश से लैंटर गिरा, वृद्धा की मौत पर कोहराम

**छपार।** रात्रि में मूसलाधार बारिश के चलते पक्का मकान लैंटर सहित नीचे गिर गया। मकान में सो रही 80 वर्षीय वृद्धा की दबने से मौत हो गई जबकि बाकी परिजनों की मुश्किल से जान बची। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया एसडीएम सदर निकिता शर्मा भी मौके पर पहुंची और परिजनों को सांत्वना दी। व मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

गांव छपरा में दलित शोभाराम का लगभग 30 वर्ष पुराना पक्का मकान है रात्रि में पूरा परिवार मकान में सोया था तभी तेज आवाज के साथ मकान का लेंटर गिर गया। 80 वर्षीय भरतो पत्नी शोभाराम लिंटर के नीचे दब गई। शोर शराबा सुनकर पडोसी इकट्ठा हो गए और बडी मुश्किल से वृद्धा को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है मृतका के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके पांच पुत्री व एक पुत्र है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीएम सदर निकिता शर्मा भी गांव पहुंची और परिजनों को सांत्वना देते हुए चार लाख रुपए सरकार से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।




## 65 साल के बुजुर्ग ने युवती से की छेड़छाड़

■ पान मंडी से पकड़ा गया मनचला बूढ़ा रियाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार कोतवाली क्षेत्र में सिटी सेंटर मार्केट के निकट मेरठ रोड पर एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने बीच सडक पर एक युवती से छेडछाड की। लंबी सफेद दाढी वाले बुजुर्ग ने युवती को बैड टच किया, जिसे युवती ने देख लिया और उसे दौडाकर पकड लिया। इसके बाद युवती ने बीच सडक पर ही बुजुर्ग की पिटाई कर दी लेकिन मनचला बूढा भाग गया उसे पुलिस ने 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा की मदद से पकड लिया। पकड धकड में गिरने से बूढे के हाथ में चोट भी लग गई।

### सीसीटीवी में कैद घटना

पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें आरोपी बुजुर्ग को युवती के साथ छेडछाड करते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। 60 वर्षीय बूढा रियाज खालापार क्षेत्र के ही पान मंडी बाजार का रहने वाला है वह इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं कर चुका है।

### पुलिस कस्टडी में टूटा फूटा दिखाई दे रहा है आरोपी

वायरल दूसरी वीडियो में आरोपी बूढा पुलिस कस्टडी में टूटा-फूटा दिखाई दे रहा है वह एक हाथ सही ढंग से नहीं उठा पा रहा है उसका वह हाथ टूटा हुआ दिखाई दे रहा है जिससे उसने युवती के साथ छेडछाड की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

### पुलिस की जांच में जुर्म कबूल

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि वह पहले भी कई बार ऐसी हरकतें कर चुका है, लेकिन किसी ने पुलिस में शिकायत नहीं की थी। बूढे की नापाक हरकतों से उसके परिजन दुखी दिखाई दिए।

### सीओ सिटी ने दी जानकारी

सीओ सिटी राजू कुमार साव ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।






# सम्पादकीय

मंगलवार, 1 जुलाई 2025

## रक्षा मजबूती की तरफ कदम

पहले अरमेनिया, अजरबेजान उसके बाद रूस-यूक्रेन फिर इजरायल-हमास और हाल ही में जिस तरह ईरान और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ा, उससे साफ हो गया कि अब भविष्य में युद्ध तकनीक के आधार पर लड़े जाएंगे, जिसके पास तकनीक बेहतर होगी, वही देश बाजी मारेगा। यही कारण है कि अब भारत ने भी इन युद्धों से सबक लेते हुए अपनी सैनिक क्षमता बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष में डिफेंस सेटेलाइट भेजने की तैयारी कर ली है। सरकार ने तय किया है कि 2029 तक 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजी जाएंगी। ये सभी सेटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगी और पाक-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखी जाएगी। यह सेटेलाइट आर्टिफिशियल इंटेजिलेंस बेस्ड होंगे और 36 हजार किमी की ऊंचाई पर यह आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। जिससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज, तस्वीर भेजने में आसानी होगी। इसके लिए सरकार ने स्पेस बेस्ड सर्विलांस-3 योजना बनाई है और इसके लिए 26 हजार 986 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी। वैसे इस मिशन की शुरुआत 2001 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और इस प्रोग्राम के तहत 4 सेटेलाइट लॉन्च किए गए थे। इसके बाद 2013 में छह सेटेलाइट लॉन्च किए गए। इस मामले में देखा जाए तो चीन हमसे कहीं आगे खड़ा दिखाई देता है। 2010 में जहां चीन के पास सिर्फ 36 सैन्य सेटेलाइट थे, वहीं उसके पास आज 1000 से ज्यादा सेटेलाइट हैं। जिनमें से 360 से ज्यादा निगरानी कार्यों के लिए हैं। चीन के पास एंटी सेटेलाइट मिसाइल, कॉ-ऑर्बिटल सेटेलाइट, इलेक्ट्रॉनिक वालफेयर सिस्टम भी हैं। देर से ही सही यह सरकार ने बेहतर तरीका अपनाया है जिसके चलते निश्चित रूप से देश की सुरक्षा मजबूत होगी। जिससे चीन-पाक पर निगाह रखने में आसानी होगी। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि आज का दौर युद्धों के मामले में परंपरागत नहीं रहा है, उसकी जगह तकनीक लेती जा रही है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच खुलकर तकनीक का प्रयोग हुआ। जैसाकि हम जानते हैं कि दोनों देशों की सीमाओं के बीच 2000 से भी अधिक किमी का फासला है, लेकिन इस फासले को तकनीक ने चुटकी में मिटा दिया। जहां इजरायल ने भी ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए, वहीं ईरान ने अपनी मिसाइलों के जरिये तमाम एयर डिफेंस सिस्टम को धता बताते हुए सटीक निशानों पर इजरायल पर वार किया। इन युद्धों में सेटेलाइटों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में भारत का 52 स्पेशल डिफेंस सेटेलाइट अंतरिक्ष में भेजना अपने डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने के लिए बड़ा माना जाएगा। हालांकि बेहतर हो कि इस मिशन को चार साल से ही पहले पूरा कर लिया जाए, क्योंकि जितना कम समय में हम इस मिशन को पूरा करेंगे, यह हमें आगे बढ़ने में हमारी और मदद करेगा, क्योंकि जैसाकि हम जानते हैं कि चीन इस मामले में हमसे काफी ज्यादा है और अगर वास्तव में हमें उससे प्रतिस्पर्धा लेनी है, तो काफी तेजी से काम करना होगा।

## पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करना जरूरी



अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया, तो कांग्रेस उसका कड़ा विरोधी करेगी और पार्टी अंतिम दम तक लड़ाई लड़ेगी, आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले मनुस्मृति का समर्थक हैं, वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं, इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते, यह सिर्फ होसबाले की सोच नहीं, बल्कि पूरी आरएसएस की विचारधारा है, अगर वे सचमुच हिंदू धर्म के रक्षक हैं तो पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करें।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस**

# जलवायु क्षेत्र में भारत की 11 वर्षों की प्रगति





**भूपेंद्र यादव**

मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते।

इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के सर्वे भवन्तु सुखिनः के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है। एक ओर, वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी असुविधाजनक सच्चाइयों में उलझा हुआ है। दूसरी ओर, भारत ने सुविधाजनक कार्रवाई के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले 11 वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है।

पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण-तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढांचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है। पर्यावरण और वन मंत्रालय में जलवायु परिवर्तन को जोड़कर, जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकालकर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई।

2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्जा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है। स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ।

2021 में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 में भारत ने देश के जलवायु परिदृश्य को और मजबूत करते हुए ऐतिहासिक घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने वक्तव्य में भारत के महत्वाकांक्षी अभियान पंचामृत की घोषणा की गई। पंचामृत यानी पांच अमृत तत्व, जिसमें जलवायु प्रतिबद्धता को बढ़ाना और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना शामिल है। इसी संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री ने मिशन लाइफ-पर्यावरण के लिए जीवनशैली की शुरुआत की, ताकि वैश्विक स्तर पर नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई में शामिल किया जा सके। इस ऐतिहासिक प्रतिबद्धता ने भारत को विकासशील देशों के बीच जलवायु नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया। 2 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में कॉप 26 के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने आईआरआईएस (सुदृढ़ द्वीप देशों के लिए अवसंरचना) लॉन्च किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, फिजी, जमैका, मॉरीशस और यूके के प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से जलवायु-संवेदनशील देशों के प्रति वैश्विक एकजुटता प्रदर्शित की गई। भारत ने 2022 में अपने एनडीसी को परिवर्तित करते हुए उसमें संरक्षण और संयम की परंपराओं और मूल्यों के आधार पर स्वस्थ और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एक गुणात्मक लक्ष्य के रूप में मिशन लाइफ को शामिल किया। इसी क्रम में, नवंबर 2022 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (एलटी-एलईडी) प्रस्तुत की, जिसमें 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ सतत विकास के लिए एक रूपरेखा प्रदान की गई है। इसी वर्ष राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का शुभारंभ हुआ, जिससे भारत हरित हाइड्रोजन उत्पादन और निर्यात में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा, जो ऊर्जा स्वतंत्रता और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की हमारी दृष्टि के अनुरूप है।

वर्ष 2023 में विकसित भारत 2047 की घोषणा, एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई, जो 2047 तक पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था तथा प्रकृति और प्रगति के बीच एक नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए विकसित राष्ट्र बनने के प्रति भारत का विजन है। भारत की जलवायु कार्रवाई, 2047 तक विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में कार्रवाई के अलावा, भारत ने व्यापक जलवायु रिपोर्टिंग का प्रदर्शन करते हुए द्विवार्षिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अपना अनुकूलन संवाद भी प्रस्तुत किया है। 2024 में बदलाव लाने वाली दो नागरिक केंद्रित पहलों की शुरुआत हुई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने सौर ऊर्जा तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया, जबकि एक पेड़ मां के नाम के शुभारंभ ने वनीकरण को एक जन आंदोलन का रूप दिया।

(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं)

# आतंक पर दोहरे रवैये को लेकर राजनाथ का प्रहार

**भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया। ब्लूचिस्तान में विद्रोही गतिविधियां वहां के लोगों की आत्मनिर्णय की मांग से जुड़ी हैं, जिन्हें पाकिस्तान भारत-प्रायोजित आतंकवाद कहकर गुमराह करने की कोशिश करता है। चीन, जो सीपीईसी के माध्यम से ब्लूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है, पाकिस्तान के इन दावों का समर्थन करता रहा है। यही कारण है कि भारत को इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इन्कार करना पड़ा। यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने एससीओ में ऐसा सख्त रुख अपनाया हो।**



**योगेश कुमार गोयल**

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं था, बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता। भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह द्वारा की गई टिप्पणी कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है और जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। यह हाल के वर्षों का सबसे भीषण आतंकी हमला था। भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इन्कार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है। एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें शंघाई फाइव से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था, परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अंतरिक्ष यात्रा का अनुभवः एक अनोखी दुनिया





**विनीत नारायण**

41 साल बाद, भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा शुरू की, जिसने न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि 1।4 अरब भारतीयों के सपनों को भी पंख दिए।

अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसा अनुभव है जो सामान्य मानवीय अनुभवों से परे है। यह न केवल वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि एक गहन व्यक्तिगत और दार्शनिक अनुभव भी है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान कहा, क्या कमाल की सवारी थी। यह उत्साह और आश्चर्य उनकी भावनाओं का प्रतीक है, जो हर उस व्यक्ति के मन में कौतूहल जगाता है जो अंतरिक्ष की सैर का सपना देखता है।

अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करने पर सबसे पहला अनुभव शून्य गुरुत्वाकर्षण का होता है। शुभांशु ने इसे शिशु की तरह चलना सीखने जैसा बताया। अंतरिक्ष यात्री को अपने शरीर को नियंत्रित करने, खाने, पढ़ने और यहां तक कि सोने के लिए भी नए तरीके सीखने पड़ते हैं। यह अनुभव चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ रोमांचक भी है। अंतरिक्ष में तैरना, जहां हर वस्तु हवा में लंगरहीन होती है, एक ऐसी अनुभूति है जो पृथ्वी पर असंभव है। इसके साथ ही अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखना एक गहन अनुभव है। नीले ग्रह की सुंदरता, बादलों की नाजुक परतें और महासागरों की विशालता अंतरिक्ष यात्रियों को प्रकृति और मानवता के प्रति गहरी जिम्मेदारी का एहसास कराती है। शुभांशु ने अपनी यात्रा के दौरान कहा, दृश्यों का आनंद ले रहा हूं। यह दृश्य न केवल मनमोहक हैं, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि हमारा ग्रह कितना नाजुक और अनमोल है।

अंतरिक्ष यात्रा शारीरिक और मानसिक रूप से कठिन होती है। लॉन्च के दौरान तीव्र जी-फोर्स का अनुभव, अंतरिक्ष में प्रारंभिक असुविधा और माइक्रोग्रैविटी में अनुकूलन की प्रक्रिया हर अंतरिक्ष यात्री के लिए एक कठिन परीक्षा होती है। शुभांशु ने हंसते हुए बताया कि उन्होंने अंतरिक्ष में ह्काफी सोयाह्न जो उनके अनुकूलन का हिस्सा था। इसके अलावा, अंतरिक्ष स्टेशन पर लंबे समय तक रहने से मांसपेशियों का क्षय और हड्डियों की कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिनका अध्ययन इस मिशन का एक हिस्सा था। अंतरिक्ष स्टेशन पर समय केवल दृश्यों का आनंद लेने तक सीमित नहीं है। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान शुभांशु और उनकी टीम ने 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए, जिनमें से सात भारत के थे। इन प्रयोगों में माइक्रोग्रैविटी में फसल बीजों का प्रभाव, मांसपेशियों के क्षय का अध्ययन और डीएनए मरम्मत जैसे विषय शामिल थे।

यह कार्य न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देता है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को भी मजबूत करता है। 41 साल पहले, 1984 में, विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत यूनियन के सोयुज टी-11 मिशन के तहत अंतरिक्ष में कदम रखा था। तब से, भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन मानव अंतरिक्ष उड़ान में यह दूसरा बड़ा कदम है। शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा भारत के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

शुभांशु की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान (2027), के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो ने इस मिशन के लिए 5 अरब रुपये (+59 मिलियन) का निवेश किया, ताकि शुभांशु को प्रशिक्षण और अंतरिक्ष अनुभव प्राप्त हो सके। इसरो के अध्यक्ष वी। नारायणन ने कहा, इस मिशन से प्राप्त अनुभव और प्रशिक्षण भारत के लिए अभूतपूर्व लाभकारी होगा। शुभांशु का यह अनुभव गगनयान के लिए लॉन्च प्रोटोकॉल, माइक्रोग्रैविटी अनुकूलन, और आपातकालीन तैयारी में मदद करेगा।

एक्सिओम-4 मिशन नासा, इसरो, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह मिशन भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में इसके योगदान को दर्शाता है। पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ, यह मिशन वैश्विक एकता और साझा वैज्ञानिक लक्ष्यों का प्रतीक है। शुभांशु की यात्रा ने भारत के युवाओं में अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति उत्साह जगाया है। लखनऊ में उनके स्कूल, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित वॉच पार्टी में सैकड़ों छात्रों ने उनके प्रक्षेपण को देखा और उत्साह के साथ तालियां बजाईं। इसरो ने शुभांशु के लिए भारतीय छात्रों के साथ बातचीत के आयोजन की योजना बनाई है, जो नई पीढ़ी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

भारत ने 2035 तक अपनी अंतरिक्ष स्टेशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं। शुभांशु की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यात्रा इन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत को न केवल तकनीकी रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। शुभांशु ने अपनी कक्ष से संदेश में कहा, मेरे कंधे पर तिरंगा मुझे बताता है कि मैं अकेला नहीं हूं, मैं आप सभी के साथ हूं। यह भावना 1।4 अरब भारतीयों के गर्व और एकता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक बताया। यह मिशन भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता का एक और प्रमाण है।

अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा एक ऐसी यात्रा है जो न केवल वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देती है, बल्कि मानवता को अपनी सीमाओं से परे सोचने के लिए प्रेरित करती है। शुभांशु शुक्ला की एक्सिओम-4 मिशन में भागीदारी भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो 41 साल बाद अंतरिक्ष में देश की वापसी को चिन्हित करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शाह टाइम्स

# स्विट्ज़रलैंड से कम नहीं है नैनीताल

प्रस्तुतिः- आकांक्षी मावड़ी, दिग्विजय सिंह बिष्ट

## • मानसून में निखर आती है सरोवर नगरी की प्राकृतिक सुंदरता • पर्यटक की पहली पसंद बन रही है सरोवर नगरी

मौसम कई आते हैं और गुजर जाते हैं, पर मानसून है, जो मन को भाता है और प्रकृति की छटा हरियाली से भरकर मन को प्रफुल्लित कर जाता जाता है। अब मानसून आ चुका है, पेड़ पौंधे मानो मुस्कराने लगे हैं और ऐसे में नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का रंग निखरना शुरू हो गया है। पर्वतों में हरियाली का श्रंगार भरने लगा है। शीत मंद हवाएं वृक्षों को झूमने के लिए मजबूर करती प्रतीत हो रही हैं। यह अनोखा समा प्रकृति प्रेमियों के लिए कुदरत का अनुपम उपहार है, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है और सैलानियों को खींचे चले आता है। नैनीताल की नैसर्गिक सुन्दरता पहचान की मोहताज नहीं, जिसके अंग्रेज भी गुलाम होकर रह गए थे। भले ही ग्रीष्म कालीन सीजन में लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हों, लेकिन इस हिल स्टेशन का असल दीदार मानसून में बनता है। तीन ओर पर्वतमालाओं से घिरा यह शहर मानसून में अलग नजारा पेश करता है। बरसात की रिमझिम फुहारों के बीच इस भ्रमण अनोखा एहसास कराता है तो लंदन फश्वग यानी सफेद कोहरे की चादरें नगर को कब नगर को अपने आगोश में लेले और कब किस पर्वत से लिपट जाए, पता ही नहीं चलता। ये ऐसे सुंदर नजारें हैं, जो प्रकृति प्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाते हैं। यही वजह है कि देश विदेश से हजारों सैलानी मानसून के मौसम में यहां पहुंचते हैं।

### कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं इस दौरान

दरअसल ग्रीष्मकाल में सैलानी लाखों की संख्या में नगर सैर में पहुंचते हैं। जिस कारण अफरातफरी में सैलानियों की आवभगत उतनी हो नही पाती है, लेकिन मानसून के तीन महीनों में सैलानियों की भीड़ छट चुकी होती है। जिस कारण होटल कारोबारियों को सैलानियों के स्वागत व उन्हे समय देने का खूब समय होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि होटलों के किराए में भारी छूट मिल जाती है। इसके अलावा भी कई सुविधाएं हैं, जो मानसून में उपलब्ध हो जाती हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं वाले नगर के होटल

इस हिल स्टेशन में सैकड़ों होटल, गेस्ट हाउस और होम स्टे हैं, लेकिन चुनिंदा होटल हैं, जहा सैलानियों की ठहरने की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। शेरवानी हिलटॉप इन, नैनी रिट्रीट, विक्रम विंटेज, अलका होटल, क्लासिक दी माल, चन्नी राजा, प्रिम रोज, प्रशांत होटल, पर्यटक होटल, गौरी होटल, चिनार, एलफिंस्टन होटल, इंडिया होटल, लेक साइड इन, हैप्पी होम, पैलेस होटल, शशि इन, कपिल इन, शालीमार होटल, आरिफ कैसल्स, शिवराज होटल, बलरामपुर हाउस, वेलकम पार्क आदि होटल हैं, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।



अफजल फौजी



















